पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 203

ग्वालियर, रविवार, 12 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट उद्यान में जामुन का पौधा रोपा

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में जामुन का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने संकल्प के परिपालन में प्रतिदिन पौधारोपण करते हैं। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल (लिली) भी उपस्थित थे। जामुन एक सदाबहार वृक्ष है, जिसके फल बैंगनी रंग के होते हैं। यह वृक्ष भारत एवं दक्षिण एशिया के अन्य देशों तथा इण्डोनेशिया आदि में पाया जाता है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 72 करोड़ से अधिक खुराकें अभी तक दी

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अभी तक कोरोना वैक्सीन की 72 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि भारत सरकार ने निशुल्क और सीधी खरीद प्रक्रिया के जरिए टीकों की ये खुराक मुहैया करा रही हैं।मंत्रालय ने कहा कि मोदी सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण की गति तेज करने और उसका दायरा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने बताया कि देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत सरकार राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को कोविड-19 रोधी टीके निशुल्क मुहैया कराकर उनका सहयोग कर रही है। कोविड-19 टीकाकरण के नए चरण के तहत केंद्र सरकार देश में टीका निर्माताओं द्वारा बनाए जा रहे 75 प्रतिशत टीकों की राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को निशुल्क आपूर्ति करेगी।

एयर इंडिया के विनिवेश को गति देने में जुटी मोदी सरकार

नई दिल्ली (ए)। मोदी सरकार ने आर्थिक तौर पर खस्ताहाल हो चुकी सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया के विनिवेश को गति देने के उद्देश्य से उसकी पूंजीगत संपदाओं को विशेष कंपनी एयर इंडिया होल्डिंग्स कंपनी लिमिटेड में हस्तांतरित करने को अधिसूचित कर दिया है। इस विशेष कंपनी को एयर इंडिया की चार सहायक इकाइयों, गैर कोर संपदाओं, पेंटिंग और विमाननों के साथ ही अन्य गैर परिचालित संपदा शामिल है। एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार ने अब एयरलाइन की पूरी संपदा एक कंपनी को सौंप दी है और यदि इसका विनिवेश नहीं होगा,तब इसके पास कुछ भी नहीं बचेगा। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इसबारे में जारी अधिसूचना में कहा है कि यह अधिसूचना एक अप्रैल 2022 से प्रभावी होगी। एयर इंडिया के विनिवेश के लिए वित्तीय बोली आमंत्रित की गई है जिसकी अंतिम तिथि 15 सितंबर 2021 है।

केंद्र ने राज्यों को अब तक कोरोनारोधी टीके की 72 करोड़ से अधिक खुराक दी

नई दिल्ली (ए)। महामारी कोरोना से बचाव के लिए एकमात्र विकल्प वैक्सीनेशन है और केंद्र सरकार का केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस अभियान में पूरी तरह सक्रिय है। मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 72 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि भारत सरकार ने निशुल्क और सीधी खरीद प्रक्रिया के जरिए टीकों की ये खुराक मुहैया कराई हैं। उसने कहा कि केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण की गति तेज करने और उसका दायरा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने बताया कि देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत सरकार राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को कोविड-19 रोधी टीके निशुल्क मुहैया कराकर उनका सहयोग कर रही है। कोविड-19 टीकाकरण के नए चरण के तहत केंद्र सरकार देश में टीका निर्माताओं द्वारा बनाए जा रहे 75 प्रतिशत टीकों की राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को निशुल्क आपूर्ति करेगी।

सभी वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सरकार के प्रयासों ने जमीनी स्तर पर परिणाम दिखाए हैं: मंत्री अब्बास नकवी

नई दिल्ली (ए)। सरदार इकबाल सिंह लालपुरा ने नई दिल्ली में केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की उपस्थिति में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। नकवी ने सरदार इकबाल सिंह लालपुरा को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन, सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्रों में उनका विशाल अनुभव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की प्रतिबद्धता को मजबूत करने में सहायक होगा।

21वीं सदी में भारत के पास ग्लोबल लीडर के तौर पर उभरने का अवसर: प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया सरदार धाम भवन का लोकार्पण एवं कन्या छात्रालय का भूमिपूजन

'कोरोना काल में वैश्विक अर्थव्यवस्था रक्षात्मक नीति अपना रही थी, तब हम सुधारों के साथ आगे बढ़े'

-प्रधानमंत्री ने की बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में 'सुब्रमण्यम भारती पीठ' स्थापित करने की घोषणा

अहमदाबाद (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा कि 21वीं सदी में भारत के पास ग्लोबल लीडर के तौर पर उभरने का अवसर है और केंद्र सरकार इन अवसरों के संदर्भ में ही नीति-निर्माण का कार्य कर रही है। यह बात उन्होंने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अहमदाबाद के वैष्णो देवी मंदिर के निकट नवनिर्मित सरदार धाम भवन का लोकार्पण और सरदार धाम फेज-2 कन्या छात्रालय का भूमिपूजन करते हुए करते हुए कही। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में कहा कि प्रतिस्पर्धी दुनिया में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल वर्धन को बड़ी प्राथमिकता दी है जो भारत की नई पीढ़ी को वास्तविकताओं का सामना करने के लिए तैयार करेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि कोरोना के मुश्किल वक्त में जब वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं रक्षात्मक नीति अपना रही थीं, तब भारत ने सुधार की नीति अपनाकर विकास यात्रा को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने आज 11 सितंबर

(9/11) की तारीख का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया में इस तारीख को कई कारणों से जाना जाता है। इसी दिन मानवता पर (अमेरिकी ट्विन टावर पर हमला) प्रहार हुआ था और यही वह दिन है जब 1893 में शिकागो की विश्व धर्म परिषद में स्वामी विवेकानंद ने दुनिया को भारत के मानवीय मूल्यों से परिचित कराया था। इन दोनों घटनाओं का संदर्भ देते हुए मोदी ने कहा कि आज दुनिया इस बात को महसूस कर रही है कि 9/11 जैसी त्रासदी का स्थायी समाधान मानवता के मूल्यों में ही निहित है। मोदी ने तमिल कवि एवं दार्शनिक सुब्रमण्यम भारती की 100वीं पुण्यतिथि का स्मरण करते हुए बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में सुब्रमण्यम भारती के नाम पर एक पीठ की स्थापना करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स में तमिल अध्ययन पर 'सुब्रमण्यम भारती पीठ' की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गणेश चतुर्थी एवं ऋषि पंचमी के साथ ही जैनों के पवित्र पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन क्षमावाणी दिवस की शुभकामनाएं दीं। और मिच्छामी दुक्कड़म कहा।

पीएम मोदी ने कहा कि जब उन्होंने भारत के समक्ष 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का विचार रखा था, तब यह पूरा देश इस प्रयास का हिस्सा बना गया और इस तरह सरदार की प्रतिमा देश की एकता की प्रतीक बनकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरदार धाम ने केवल देश के भविष्य के निर्माण के प्रतिष्ठान का कार्य करेगा, बल्कि यह सरदार साहेब के विचारों से युवाओं को प्रेरित भी करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज के उन वर्गों को आगे लाने के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं जो पीछे छूट गए हैं। उन्होंने कहा कि आज एक तरफ जहां दलितों और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के हकों के लिए काम हो रहा है, वहीं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को 10 फीसदी आरक्षण भी दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कोशिशें समाज में एक नया भरोसा पैदा कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में बाजार में हमारे युवाओं से जो कौशल अपेक्षित है उसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्रों को शुरू से ही तैयार करेगी।

गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का इस्तीफा, गांधीनगर में राजनीतिक गतिविधियां तेज

अहमदाबाद (ए)। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने आज अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री के इस्तीफे से राजधानी गांधीनगर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बता दें कि आज सुबह ही अहमदाबाद के वैष्णोदेवी सर्कल के निकट बने सरदारधाम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ई लोकार्पण किया है और इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल और प्रदेश भाजपा प्रमुख समेत केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया व पुरुषोत्तम रूपाला भी उपस्थित थे। माना जा रहा है कि सरदारधाम के लोकार्पण कार्यक्रम में ही कुछ उठापटक हुई है। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और पार्टी के वरिष्ठ नेता सीधे राज्यपाल से मिलने राजभवन पहुंचे। राजभवन में विजय रूपाणी ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल से मिलने के बाद विजय रूपाणी ने पत्रकार परिषद को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। रूपाणी ने कहा कि मेरे जैसे कार्यकर्ता को जो अवसर दिया गया, उसके लिए मैं पार्टी का आभारी हूं। मैंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है और अब पार्टी जो भी जिम्मेदारी सौंपेगी उसे निभाऊंगा। एक प्रश्न के उत्तर में रूपाणी ने कहा कि मेरी संगठन के साथ कोई तकरार नहीं थी। पार्टी के नेतृत्व में ही हमने चुनाव जीता था और मुझे पांच साल के लिए जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसे मैंने निभाया है। इसके लिए मैं भाजपा का आभार व्यक्त करता हूं कि उसने मुझे यह अवसर प्रदान किया। विजय रूपाणी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद गुजरात की राजधानी गांधीनगर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पांच साल पूर्ण किए हैं। अगले साल के अंत में गुजरात विधानसभा के चुनाव होने हैं और उससे पहले विजय रूपाणी के मुख्यमंत्री पद के इस्तीफे ने सभी चौंका दिया है।

खरगोन जिले में पुलिस की पिटाई से आदिवासी की हत्या में एक करोड़ रूपये का मुआवजा दे मप्र सरकार : कांग्रेस जांच समिति

भोपाल। मप्र के खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र के खैरकुड्डी गांव के आदिवासी युवक बिसन की हत्या पुलिस की मारपीट से 6 और 7 सितम्बर की दरम्यानी रात को की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए और प्रदेश में लगातार आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचारों के दृष्टिगत माननीय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पूर्व मंत्री एवं विधायक सुश्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ के नेतृत्व में एक जांच समिति का गठन किया था। समिति में विधायकगण ग्यारसीलाल रावत, पांचीलाल मेड़ा, बालसिंह मेड़ा, मुकेश पटेल को सदस्य बनाया गया था। समिति के साथ विधायक रवि जोशी, विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती झूमा सोलंकी और विधायक केदार

डाबर ने 9 सितम्बर को मृतक के गांव खैरकुंडी पहुंचकर ग्रामवासियों एवं मृतक के परिजनों से मुलाकात की और घटना की विस्तृत जांच की।

जांच का ब्यौरा देते हुए सुश्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से बताया कि बीते 31 अगस्त 2021 को पुलिस ने बिसन को जांच के लिये थाने बुलाया। थाने में बिसन के साथ मारपीट की गई। मृतक के पुत्र मिथुन ने कांग्रेस की जांच समिति को बताया जब वह थाने गया तो उसे अपने पिता बिसन को भोजन देने से रोक दिया गया। मिथुन ने बताया कि उसके सामने ही बिसन को बेल्ट और पाईप से थाने के अलग-अलग कमरों में ले जाकर बुरी तरह पीटा गया। बिसन को चार दिन तक खाना नहीं दिया गया। गांव के सरपंच और पटेल ने भी मारपीट की पुष्टि की। पटेल ने कहा कि पुलिस की मारपीट के कारण ही बिसन की मृत्यु हुई। बिसन के पिता हाबू ने जांच कमेटी को बताया कि बिसन की जांघ और कूल्हों पर मारपीट के गहरे निशान देखे गये। बिसन को इतना ज्यादा पीटा गया था कि शरीर से उसकी खाल उतर गई थी और जख्मों से उसका मांस बाहर निकल आया था।

'सेवा और समर्पण अभियान' को बूथ स्तर तक सफल बनाने में जुटें : विष्णुदत्त शर्मा

- 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक होंगे प्रदेश भर में कार्यक्रम
- भोपाल संभाग की बैठक में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन 17 सितम्बर को है साथ ही यह सुखद संयोग है कि 7 अक्टूबर को उनके गवर्नेंस हेड के रूप में 20 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा जी एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष जी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर के बीच सेवा और समर्पण अभियान चलायेगी।

इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु की कामना करते हुए समाज में रचनात्मक, सामाजिक, स्वच्छता अभियान, अन्न वितरण एवं गरीब कल्याण के कार्यक्रम बूथ स्तर तक आयोजित होंगे। इस अभियान को ग्राम एवं नगर केंद्र के साथ बूथ स्तर तक सफल बनाने में जुटें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय पं. दीनदयाल परिसर में भोपाल संभाग की बैठक में कही। बैठक को संभाग प्रभारी व पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार ने संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों को लेकर जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारियों से बिंदुवार चर्चा की।

वैक्सीनेशन अभियान की सफलता के लिए जुटें: प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम के लिए प्रदेश से अलग-अलग प्रभारी बनाये गये हैं।



ऋषि पंचमी पर दातुन तोड़ने के सजा, पिता के साथ 10 साल के मासूम को ढाई घंटे लॉकअप में रखा, मैडम सुनने तैयार नहीं

शिवपुरी। शनिवार को ऋषि पंचमी के दौरान महिलाए व्रत रखकर जंगली खरपतवार अडाझारा से मंजन कर विधिवत तरीके से पूजा अर्चना करती है। जिसे लेकर शहर में यह झांडी नहीं होने से लो जंगली क्षेत्र भदैयाकुण्ड के आसपास जंगली इलाके में इस दातून को तोडने के लिए पहुंचे। इसी दौरान पर्यटक स्थल भदैया कुंड नेशनल पार्क की जमीन में फॉरेस्ट विभाग ने पिता के साथ एक 10 साल के बच्चे को भी दातून तोड़ने की सजा दे डाली। उसके पिता और एक अन्य व्यक्ति को करीब ढाई घंटे लॉकअप में बंद रखा। वहीं, बेटे को भी इतने ही घंटे थाने में बिठाए रखा। करीब 5 घंटे तक यहां रहने के बाद 500 रुपए का चालन काटकर उन्हें छोड़ दिया गया।लॉकअप से निकले पिता का कहना था कि वे ऋषि पंचमी के पूजन के लिए दातून तोड़ने यहां आए थे। डरे-सहमे बच्चे ने इतना ही कहा कि पापा को कमरे में बंद कर दिया था। वहीं, पिता का कहना है कि बच्चे को भी उनके साथ रखा गया था। मीडिया के आने के बाद उसे बाहर किया गया। मामले में रेंजर का कहना था कि नेशनल पार्क में अवैध एंट्री जुर्म है। इसी कारण इन्हें पकड़कर फॉरेस्ट थाने लाया गया था। ऋषि पंचमी के व्रत और पूजन के लिए महिलाओं को जंगल में उगने वाले पौधे अडाझाडा के दातुन की जरूरत होती है। इसी पौधे की जड़ को लेने नीरज सिंह सिसौदिया के अलावा ठाकुरदास शाक्य अपने 10 साल के बेटे को लेकर भदैया कुंड के आसपास जंगल में गए थे। नीरज के अनुसार जैसे ही वह भदैया कुंड पहुंचा, तो ठाकुरदास वहीं खड़ा मिला। पास में ही रेंजर मैडम की जीप खड़ी थी। करीब 10 मिनट हम वहां खड़े रहे, तो किसी ने कुछ नहीं कहा। इसके बाद हम दातुन की तलाश में बाउंड्रीवॉल फांद कर भीतर जाने की कोशिश करने लगे।

पिता और एक अन्य को ढाई घंटे तक लॉकअप में रहना पड़ा

इस पर तुरंत रेंजर मैडम और उनका ड्राइवर एक्शन में आ गए और हमें पकड़ लिया। वे हमें फॉरेस्ट थाने लेकर गए। यहां लॉकअप में बंद कर दिया। कार्रवाई से मासूम तक को अलग नहीं किया गया। हम मैडम से विनती करते रहे कि हम तो दातुन की तलाश में आए थे। हम क्रिमिनल नहीं हैं। वे बस कहती रहीं कि कार्रवाई तो होकर रहेगी। बच्चा रो रहा था, पर उन्हें फर्क नहीं पड़ा। सूचना मिलते ही मीडिया वहां पहुंची, तो बच्चे को बाहर निकाल दिया गया। नीरज का कहना है कि न तो मैडम ने हमें रोका और न ही आगाह किया कि यहां से चड़ना अपराध है। बकौल नीरज ऐसा लग रहा था कि मैडम हमारे चड़ने का ही इंतजार कर रही थीं।

मैडम सुनने को तैयार नहीं थीं

ठाकुरदास बोले - दातून लेने आए थे। मैडम ने हमें पकड़ लिया, वे बोलीं- आप लोग ऐसे नहीं मानेंगे, जुर्माना तो लग कर रहेगा। हमें लॉकअप में करीब ढाई घंटे बंद रखा। मोबाइल छीन लिया था। मीडिया के आने के बाद मोबाइल दिया। बच्चा भी मेरे साथ ही दो से ढाई घंटे रहा। करीब 5 घंटे तक हंगामा चलता रहा।

बच्चा बोला - पापा को कमरे में बंद कर दिया

बच्चा बोला- सुबह पापा के साथ दातून की लकड़ी लेने गए थे। मैडम ने हमें पकड़ा और पापा को लॉकअप में बंद कर दिया।

इनका कहना है

रेंजर पिंकी रघुवंशी का कहना है कि मामला अवैध प्रवेश का था। बच्चे को नहीं उसके पिता को पकड़ा गया था। वे बाउंड्रीवॉल पार कर भीतर घुसे थे। यह एक नेशनल पार्क है। आमलोगों की एंट्री पूरी तरह से बंद है। इस प्रकार से एंट्री ही अपराध है। हमें इस प्रकार से अवैध प्रवेश में रोक लगाने के लिए आमजनों की मदद की जरूरत है।

पिंकी रघुवंशी,रेंजर नेशलन पार्क

क्या कहता है कानून

अगर किसी लोक सेवक के सामने कोई अपराध हो रहा है या अपराध होने की संभावना है, तो उक्त लोक सेवक को उसे होने से रोकना चाहिए। एक आम आदमी भी यह कर सकता है, यह मूल कर्तव्य की श्रेणी में आता है और रेंजर ने ऐसा नहीं किया।

चंद्रभान सिंह सिकरवार,
अधिवक्ता

लेबा हीरामन बाबा के मेले में मनिहारी की दुकान लगाने गए 4 लोग सिंध पर फंसे, एक को रेस्क्यू कर निकाला गया

शिवपुरी।

गुरूवार को अच्छी बारिश होने से सिंध नदी उफान पर आ गई। कोलारस तहसील में भड़ौता गांव के पास सिंध नदी के दोनों रपटों के ऊपर पानी बहने लगा। दोनों रपटों के बीच आंटो सवार पति, पत्नी दामाद सहित चार लोग लगभग 40 घंटे तक फंसे रहे। एनडीआरएफ द्वारा एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। शेष व्यक्तियों ने नदी का पानी कम होने के बाद आने की बात कहीं। जिलेभर में कल दोपहर से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। चूंकि भड़ौता गांव के पास सिंध नदी गुंजारी नदी के संगम के साथ दो हिस्सों में बंटी है। रऱौद की तरफ से आंटो से 3 लोग कोलारस के ग्राम लेवा आ रहे थे। जहाँ चतुर्थी के दिन हीरामन पर मेले का आयोजन होता है उक्त लोग उस मेले मे मनिहारी की दुकान लगाने आ रहे थे। गुरूवार रात करीब 2 बजे पानी कम होने से रपटा पार करके टापू पर आ गए और जैसे ही दूसरा रपटे पर पहुंचे तो यहां रपटे से ऊपर पानी बह रहा था। दो रपटों के बीच टापू पर आटो सवार लल्लू जाटव, बादल जाटव, देवीबाई जाटव निवासी माधोपुर थाना कदवाया सहित 3 लोग फंस गए। जिसकी सूचना लगते ही पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुँची एवं दामाद बादल जाटव को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया जबकि आंटो मे मनिहारी का सामान होने के कारण दंपति आंटो के साथ ही रुक गये।

खदान से फर्सी चोरी कर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

शिवपुरी।

खबर जिले के बम्हारी थाना क्षेत्र की है। जहाँ पुलिस ने खदान से फर्सी चोरी कर ला रहे एक ट्रेक्टर ट्रॉली को गांव के पास से जप्त कर ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिना रॉयल्टी के फर्सी ले जा रहा था और पुलिस ने उसे पकड़ने के बाद उससे रॉयल्टी मांगी तो वह रॉयल्टी नहीं दिखा सका। जिस पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ भादवि की धारा 379 सहित मध्यप्रदेश गौण खनिज अधिनियम की धारा 18ए के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार बम्हारी गांव के निवासी आरोपी धर्मेंद्र पुत्र नवल गुर्जर ट्रेक्टर ट्रॉली लेकर बम्हारी पुलिया से गुजर रहा था। जिसमें फर्सी भरी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की उक्त ट्रेक्टर ट्रॉली में बिना रायल्टी के फर्सी ले जाई जा रही हैं। जिसे ट्रेक्टर चालक खदान से चोरी करके ले जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी कुलदीप सगर ने मौके पर पहुंचकर ट्रेक्टर ट्रॉली रोक ली और चालक से पूछताछ की। साथ ही उससे फर्सी परिवहन संबंधी रॉयल्टी मांगी तो ट्रेक्टर चालक रॉयल्टी नहीं दे सका। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त कर थाने में रख लिए

डॉ प्रदीप शर्मा की ट्रांसफर रुकवाने की झूठी याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

करैरा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे पदस्थ रहे। डॉ प्रदीप शर्मा वैसे तो विवादो के लिए चर्चित रहे है ।और इन्होंने अपने पावर का इस्तेमाल कर लोगों पर कई छूटे 353 जैसे मुकदमे दर्ज कराए । लेकिन अभी अभी एक ताजा मामला सामने आया है कि डॉ श्री शर्मा ने अपना ट्रांसफर रुकवाने के लिए झूठे दस्तावेज ही लगा डाले जिसे हाई कोर्ट न्यायाधीश आनंद पाठक ने निरस्त कर दिए। बता दे की याचिका में डॉ प्रदीप शर्मा ने कहा की मेरे बच्चे केंद्रीय विद्यालय में प?ते है और 80 साल की बुजुर्ग मा मेरे साथ रहती हैं ! जबकि हकीकत में प्रदीप शर्मा ने हाई कोर्ट को झूठी जानकारी देकर गुमराह करनी की कोशिस की हकीकत में ना इनके साथ इनकी माँ रहती हैं। और श्योपुर में केंद्रीय विद्यालय है । हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा हैं की, ट्रांसफर प्रिक्रिया सरकार की सामान्य प्रिक्रिया हैं। हम इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं आप को जो भी परेशानी बतानी हैं सरकार को 15 दिन के अंदर बताइये।

समाजसेवी नीखरा के जन्मदिन पर दिनारा में होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

रक्तदाताओं का मनोबल व उत्साह बर्धन के लिए कवि पंकज पंडित भी पधार रहे है

करैरा। दिनारा के सक्रिय समाजसेवी व युवा नेता सुमित नीखरा मोनू अपने 27 वे जन्मदिन के अवसर पर द्वितीय रक्तदान शिविर आयोजन व जरूरत मंद को रक्तदान व रक्तदान शिविर का आयोजन करने लोगो को सम्मानित भी करेंगे। रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन बुंदेलखंड के प्रखर कवि पंकज पंडित जी सभी का उत्साहवर्धन करेंगे। आपका रक्तदान निश्चय ही किसी की जिन्दगी बचाएगा सचमुच, आपका यही पुण्य आपके श्वेवक काम आएगा नीखरा ने बताया की इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम में संकल्पित होकर रक्तदान अभी तक लगभग 50 रक्तवीरो ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा दिया है, जिसमे 5 महिलाएं भी है इससे पहले प्रथम रक्तदान शिविर में 2 महिलाओं व 35 पुरुष ने कुल 38 यूनिट रक्तदान किया था। और हम सभी रक्तदाताओं को उनका बल्ड रूप के प्रमाण पत्र व अभिनंदन पत्र सहित सम्मानित भी करते है। इस बार भी किया जाएगा। झांसी जिला ब्लड बैंक व विंग (जीवन की नई उ?ान की टीम ने रक्त संग्रह किया जाएगा। जो भी बहन-मातांए व भाई रक्तदान करने के इक्छुक हो वह 9425119164,8103142432 (नितिन गुप्ता), 7747037373 (रितिक गुप्ता) से सम्पर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। इस बार हमें जो भी नीखरा मित्र मंडल व नगर के युवाओं में इसको लेकर उत्साह नजर आ रहा है। नीखरा की नगर के सभी लोगो से अपील के प्रत्येक घर से किसी 1 व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए ताकि जरूरत के समय हम वह रक्त समय पर काम आ सके। रक्तदान शिविर आयोजक श्रीमंत माधवराव सिंधिया कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट व सहयोगी समस्त शिक्षण संस्थान व ग्रामवासी दिनारा।

तेज रफ्तार कार ने युवक को उ?ाया, बाद में सीवर के चैंबर में पूरी समा गई कार

शिवपुरी।

खबर शहर के देहात थाना क्षेत्र के बांकडे हनुमान मंदिर के पास घसाई के पुल के पास की हैं। जहां शनिवार को एक तेज रफ्तार कार ने एक बाईक सवार को रौंद दिया। जिससे बाईक सवार उछलकर दूर जा गिरा। उसके बाद भी बैगनार की रफ्तार नही थमी और वह सीवर के चैंबर में पूरी तरह समा गई। जिससे कार में सबार लोगों को कांच तोडकर बमुश्किल निकाला गया। इस घटना में घायल युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सौरभ पाठक पुत्र घनश्याम पाठक उम्र 26 साल निवासी आर्दश बंधु स्कूल के पास शांति नगर पिछोर में जिओ कंपनी में कार्यरत हैं।वह शानिवार को अपने घर पर पूजा होने पर पिछोर से शिवपुरी आ रहा था। तभी घसाई की पुलिया के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार वैगनार कार क्रमांक एमपी 09 सीडी 2374 के चालक ने युवक को उडा दिया। गमीमत रही कि युवक हैलमेट लगाए हुए था। जिसके चलते युवक उचटकर दूर पडा। परंतु उसके बाद भी कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर सीवर के चैंबर में पूरी समा गई। जैसे तैसे इस कार में बैठे लोगों को कार का सीसा तोडकर बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि उक्त कार मेडीकल कॉलेज में पदस्थ किसी कर्मचारी की है। अस हादसे में घायल सौरभ पाठक को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय

टूरिस्ट वेलकम सेंटर पर खेलकूद व रंगारंग कार्यक्रम आज ,जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक संस्था करेगी महिलाओं के लिए कार्यक्रम एवं प्राइज वितरण

शिवपुरी। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में पर्यटक स्वागत केंद्र छत्री रोड पर प्रति रविवार की तरह इस रविवार को भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। जिले के नागरिकों के स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए योगा विथ योगा मेन ऑफ मध्य प्रदेश श्री राहुल के मार्गदर्शन में प्रातः 7 से 8 तक आयोजित किया जाएगा। प्रसिद्ध युवा प्रशिक्षक जिन्होंने दिल्ली, मुंबई एवं लद्दाख आदि ब? महानगरों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वह अपने कुशल मार्गदर्शन में योगा कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण देंगे। साथ ही आज शाम को 5 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल ने बताया कि डीएटीसीसी के द्वारा जिला एवं शहर की प्रतिभाओं को गीत गायन, नृत्य, संगीतकला सहित अनेक कलाओं में निखारने व पर्यटन को ब?ावा देते हुए बेहतर तरीके से विकसित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बच्चों सहित हर आयुवर्ग के लोगों द्वारा अपनी कला को प्रदर्शित किया जा रहा है।

महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन : जेसीआई डायनेमिक संस्था की जिलाध्यक्ष शशि शर्मा एवं उनके साथियों तथा संस्था द्वारा रविवार को शाम 5 बजे से महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए रस्सी कूद, कबड्डी, खो-खो सहित अन्य प्रतियोगिताओ का आयोजन कर उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

होंगे गीत गायन व भजन : कार्यक्रम में मुकेश आचार्य, आशीष जैन,दिव्यांश जैन, गिरीश मिश्रा, अनमोल भार्गव, पार्थ शर्मा, यशस्वी उपाध्याय, खुश भार्गव, शिवन्या भार्गव, आयुषी गुप्ता व विनीत शर्मा रूप द्वारा रंगारंग प्रस्तुति की जाएगी।

जिला पंचायत सीईओ ने किया कई गांवों का भ्रमण, सुलार गाँव के ग्रामीणो से की चर्चा

शिवपुरी। जिला पंचायत सीईओ एच.पी.वर्मा ने शनिवार को पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नावली, बरेला एवं माचमोर का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत नावली में आदिवासी बस्ती मे चल रहे नाली निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत बरेला में ब?ाखो पहाडी पर कन्टूर ट्रंच के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणो से चर्चा की। ग्रामीण हजरत लोधी ने बताया की इससे कुओ का जल स्तर ब?ा है। दूसरा पहाड से लगी हुई जमीन मे खेती नही होती थी अब यह समस्या भी खत्म हो गई हैं। उपयंत्री सुरेन्द्र लोधी ने बताया इस कन्टूर ट्रंच के माध्यम से 3 से 4 लाख क्यूबिक मीटर पानी जमीन के अंदर गया है। इसके पश्चात ग्राम पंचायत माचमौर के सुलार गाँव का भ्रमण किया। सुलार गाँव का चयन ओ डी एफ प्लस के लिये किया गया है जिसमे प्रत्येक परिवार को शौचालय निर्माण का लक्ष्य हैं। जिनके पास शौचालय है उनका उपयोग हो रहा है या नही। उनको प्रेरित करना, कचरे का प्रबंधन आदि पर चर्चा की गई। माचमौर की आदिवासी महिलाओं ने भी घर में पानी भरने की समस्या बताएं इस पर जिला पंचायत सीईओ जे.पी.वर्मा ने तत्काल निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व की टीम द्वारा सर्वे किया जाए।

अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी, युवक ने E-FIR दर्ज कराई

शिवपुरी। लोगो को थाने पहुंचने में होने वाली परेशानी से बचाने के लिए गृह विभाग द्वारा ई-एफआईआर की सुविधा शुरू करने के बाद अब लोग घर बैठे ही अपनी शिकायत ई-एफआईआर के माध्यम से दर्ज करा रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के अस्पताल के बाहर खड़ी एक बाइक को अज्ञात चोर द्वारा चुरा लेने के मामले में कोलारस के डेहरवारा निवासी युवक मोहर सिंह पुत्र सेवा राम जाटव ने अपनी शिकायत ई-एफआईआर के माध्यम से दर्ज कराई है। जिसमें अज्ञात चोर के खिलाफ भादवि की धारा 379 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।जानकारी के अनुसार मोहर सिंह जाटव बीते रोज अस्पताल में भर्ती अपने किसी परिचित को देखने के लिए गया था। जहां उसने अस्पताल के बाहर अपनी बाइक क्रमांक एमपी 33 एमएल 9873 खड़ी कर दी और अस्पताल में अंदर चला गया। लेकिन जब वह लौटकर आया तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। जिसकी उसने काफी तलाश की। बाद में उसने ई-एफआईआर को ऑप्शन अपने मोबाइल में निकालकर एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने उक्त एफआईआर को जांच में ले लिया। इससे पहले भी कोतवाली में एक ई-एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

अखिल भारतीय प्रगतिशील लोधी लोधा क्षत्रिय (राजपूत) महासभा का जिला स्तरीय सम्मेलन में आज

जिला स्तरीय सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल होंगे मुख्य अतिथि समाज की कई हस्तियां होंगी शामिल

अखिल भारतीय लोधी महासभा ने सम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ की भिंड जिले से समाज के लोग भारी संख्या में पहुंचेंगे कार्यक्रम स्थल भिण्ड। अखिल भारतीय प्रगतिशील लोधी लोधा क्षत्रिय महासभा का जिला स्तरीय सम्मेलन 12 सितंबर को संगम पैलेस मुड़िया खेड़ा चौराहे पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एवं लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विधायक एवं पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल सहित कई हस्तियां शामिल होने के लिए भिंड पहुंचेंगे द्य यह बात वीरांगना अवंतीबाई छात्रावास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ग्राम पंचायत नायब सरपंच एवं महासभा के जिला अध्यक्ष सुघर सिंह नरवरिया ने पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि कि समाज के सम्मेलन में लोधी क्षत्रिय राजपूतों का इतिहास ग्रंथ की पुस्तक का भी विमोचन किया जाएगा जिसमें समाज के इतिहास को बताया गया है उन्होंने कहा कि लोधी समाज सम्मेलन के माध्यम से समाज को जागृत करेगा जोकि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने एवं हम सब एक सूत्र में बंद कर संगठन को जिले में मजबूत बनाकर आगे बढ़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस जिला स्तरीय सम्मेलन में मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाहा संजू, धर्मेंद्र सिंह लोधी विधायक दमोह, अमृतपाल सिंह लोधी विधायक, तरवर सिंह लोधी विधायक, प्रद्युम्न सिंह लोधी विधायक भारत सरकार के रिटायर्ड आईएएस एन बी एस सिंह राजपूतएए राष्ट्रीय संयोजक लोकेश कुमार लिल्हारे, अमृतपाल सिंह लोधी, लेखक रामधुन सिंह नरवरिया कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे और समाज का मार्गदर्शन करेंगे। मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेता कोक सिंह नरवरिया पूर्व मंडी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने पत्रकारों के समक्ष पक्ष रखते हुए कहा कि प्रदेश सरकार में सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने अटेर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल केशवानंद महाराज के धार्मिक मंदिर राजपुरा के बाउंड्री वाल कराने की घोषणा की है साथ ही महारानी अवंतीबाई छात्रावास में भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाह द्वारा 2700000 रुपए समुदायिक भवन बनाने की घोषणा की हैए समाज इनके प्रति आभार व्यक्त करता है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिंड जिले में महारानी अवंतीबाई की प्रतिमा को लगाने के लिए लगभग 2500000 रुपए पूर्व में शिरकत किए थे जिन की मूर्ति भी लगा दी गई हैए समाज उनके भी प्रति तहे दिल से धन्यवाद देता है स पत्रकार वार्ता में भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष एवं महिला इकाई लोधी क्षत्रिय महासभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सुशीला नरवरिया ग्राम पंचायत लावन सरपंच लालजी सिंह नरवरिया महेंद्र सिंह नरवरिया, एडवोकेट जेलसिंह नरवरिया, भंवर सिंह नरवरिया, शिशुपाल सिंह नरवरिया, दिनेश सिंह नरवरिया, गिरजा शंकर सिंह नरवरिया, नवरंग सिंह नरवरिया, प्रभाकर सिंह नरवरिया आदि शामिल थे।

लोधी समाज ने पत्रकारों का किया सम्मान

महारानी अवंती बाई छात्रावास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महासभा के जिला अध्यक्ष सरपंच सुघर सिंह नरवरिया ने सभी पत्रकारों का शाल और श्रीफल एवं पुष्प माला पहनाकर उनका सम्मान किया। लोधी महासभा के जिला अध्यक्ष शुगर सिंह नरवरिया के साथ समाज के बीच लोगों ने किया जनसंपर्क जिला स्तरीय सम्मेलन को प्रभावी बनाने के लिए समाज के जिला अध्यक्ष सरपंच शुगर सिंह नरवरिया के साथ उनकी जिला टीम एवं समाज के वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों ने भिंड अटेर मेहगांव गोरमी लहर रोड गोहद अनेक स्थानों पर समाज के बीच पहुंचकर उन्होंने पीले चावल देकर सम्मेलन में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया उन्होंने बताया की कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं की भी अलग बैठने की

पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने सरकार की ट्रांसफर नीति पर लगाए गंभीर आरोप

भिण्ड। अटेर के पूर्व कांग्रेस पार्टी के विधायक हेमंत कटारे अपने निज निवास अटेर रोड पर शनिवार दोपहर 12 बजे आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिला प्रशासन व शिक्षा अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगाया। अटेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने पत्रकार वार्ता में जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत सचिव पटवारी और शिक्षकों के स्थानांतरण नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए किए गए हैं कटारे यहीं नहीं रुके उन्होंने भिंड कलेक्टर को जिम्मेदार मानते हुए आड़े हाथों लेते हुए उनकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाया है उन्होंने कहा कि कलेक्टर सत्ता के दबाव में काम कर रहे हैं जिले में नियमों का खुलेआम माखौल उड़ाया जा रहा है लेकिन कलेक्टर चुप्पी साधे हुए हैं जिले में जनता कर्मचारियों को प्रताडित किया जा रहा है और हेमंत कटारे चुप बैठे रहे संभव नहीं है जिला पंचायत सीईओ, राजस्व, शिक्षा विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार की हद हो गई अब जनता के साथ मिलकर

धूमधाम से मनाया गया ऋषि पंचमी का पर्व

गोरमी। नगर के प्राचीन गौतम ऋषि मंदिर पर ऋषि पंचमी के पावन पर्व पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ एवं भक्तजनों द्वारा गौतम ऋषि मंदिर को भव्य झांकी एबम लाइटिंग के साथ सजाया गया था शनिवार को सुबह से ही गौतम ऋषि मंदिर पर भक्तों का आना-जाना प्रारंभ हो गया था गोरमी नगर में ऋषि पंचमी का पर्व सैकड़ों वर्षो से सम्पूर्ण थापक परिवार द्वारा विशाल संत भंडारे के साथ मनाया जाता है बताया जाता है कि गोरमी नगर का नाम गौतम ऋषि की वजह से ही रखा गया था तब से ही गौतम ऋषि मंदिर पर ऋषि पंचमी के दिन मंदिर की भव्य सजावट के साथ भजन कीर्तन एवं अखंड रामायण पाठ एवं यज्ञ का आयोजन होता है शाम को संत एवं कन्या भोज का आयोजन संपूर्ण थापक मोहल्ला द्वारा किया जाता है यह परंपरा बरसो से चली आ रही है यहाँ पर संत एवं भक्तजन मंदिर पर ऋषि पंचमी के दिन दूर दूर से आते हैं यहां पर आकर पूजा पाठ एवं भजन कीर्तन करते हैं ये आस्था बरसो से चली आ रही है।

केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज भिण्ड दौरे पर

लोधी क्षत्रिय राजपूतो का इतिहास (ग्रंथ) का विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे

भिण्ड । केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 12 सितम्बर 2021 को एक दिवसीय दौरे पर भिण्ड पधार रहे है। केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 12 सितम्बर 2021 को दोपहर 12 बजे संगम पैलेस गार्डन, मुडियाखेडा चौराहा अटेर रोड भिण्ड पर लोधी क्षत्रिय राजपूतो का इतिहास (ग्रंथ) का विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद श्री पटेल दोपहर 1 बजे भिण्ड से कार द्वारा ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया भी शामिल होंगे। इसके बाद मंत्री डॉ भदौरिया अपरान्ह 4 बजे भिण्ड से कार द्वारा ओरछा जिला निवाडी के लिए प्रस्थान करेंगे।

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री भदौरिया भिंड आएंगे आज

अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के कार्यक्रम में होंगे शामिल

भिण्ड,। मप्र सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंदसिंह भदौरिया अपने निर्धारित एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत भिंड जिले के प्रवास पर 12 सितंबर को आएंगेए मंत्री भदौरिया अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस प्रगति में बताया गया है कि डॉ अरविंद भदौरिया अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रवास पर 12 सितंबर को भिंड शहर के अटेर रोड स्थित संगम गार्डन में समय सुबह 11 अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के जिला स्तरीय सम्मेलन में पहुंचेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया 4 बजे भिंड से मेहगांव होते हुए जिला दतिया ओरछा जिला निवाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। डॉ अरविंद सिंह भदौरिया रात्रि 7 बजे ओरछा पहुंचेंगे और वहां विश्राम करेंगे द्य 13 सितंबर को अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे, शाम 5 बजे जिला निवाड़ी ओरछा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

कायाकल्प अभियान के तहत निरीक्षण प्राथ. स्वा. केन्द्र नयागॉव का होगा जीर्णोद्वार

भिण्ड । कायाकल्प अभियान एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं कोविड-19 महा-अभियान के अवलोकन हेतु भ्रमण के दौरानल डॉ. अजीत मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-भिण्ड ने प्राथ. स्वा. केन्द्र केन्द्र नयागॉव का निरीक्षण किया गया। जहाँ पर स्थित डिलेवरी पॉइंट एवं संस्था के अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर वहां पर पदस्थ स्वास्थ्य अमले को कायाकल्प अभियान के अतंर्गत प्रशिक्षण दिया। एवं स्वास्थ्य संस्था पर आवश्यक उपकरणों एवं सामग्री की सूची तैयार करवाई गई जिसके अनुसार कार्य शीघ्र से शीघ्र करवाये जाने हेतु अपने अधीनस्थ जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेशित किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नयागॉव स्थित डिलेवरी पाईंट में कोई भी स्टाफनर्स ना होने से डॉ. मिश्रा ने शीघ्र से शीघ्र एक स्टाफनर्स की पदस्थापना करने की बात कही है। वही ग्राम पुरानी गढ़ीया में कोविड-19 वैक्सीनेशन के कार्य का जायजा लिया गया।

डॉ. मिश्रा ने जानकारी देते बताया कि प्राथ. स्वा. केन्द्र नयागॉव से काफी संख्या में गॉव जुड़े हैं मेरे द्वारा आज अवलोकन कर वहां की हर जरूरत को समझा है। और भविष्य में शीघ्र अति शीघ्र संस्था का जीर्णोद्वार जैसे बिजली, पानी, उपकरण की आवश्यकताओं की पूर्ति की जायेगी जिससे अंचल की गर्भवती महिलाओं एवं मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाऐं मिल पाना संभव हो सके।

सुरपुरा के पूर्व सरपंच चुन्नी लाल पुरोहित का निधन, समाजसेवियों ने किया शोक व्यक्त

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने सुरपुरा पहुंचकर शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की

भिण्ड। अटेर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एवं ग्राम पंचायत सुरपुरा के कई वर्षों तक सरपंच रहे चुन्नी लाल पुरोहित का शुक्रवार को देर शाम गांव में ही निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे एवं पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनकी अंत्येष्टि गांव ही की गई चुन्नी लाल पुरोहित के निधन पर गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कि पंडित चुन्नी लाल जी पुरोहित के निधन की जानकारी मिलते ही अटेर क्षेत्र से विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर अरविंद सिंह भदोरिया भोपाल से सीधे उनके निवास स्थान गांव सुरपुरा पहुंचे जहां उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान करते हुए ईश्वर से आत्मा शांति की प्रार्थना की और उन्होंने कहा ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों स्थान दे। पंडित चुन्नीलाल पुरोहित ग्राम पंचायत सुरपुरा से कई बार सरपंच पद पर रहकर सर्व समाज के लोगों का मार्गदर्शन किया पूरे क्षेत्र में उनकी एक विशेष पहचान थी जिनके निधन की खबर लगते ही लोग देर रात तक उनके निवास स्थान पर पहुंचना लग गए थे सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही ग्राम पंचायत देहरा पहुंचे जहां परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मंत्री ने बात कही वहीं जांच के आदेश दिये।

निधन पर किया गहरा शोक व्यक्त

भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर अटेर विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों में शैलेंद्र सिंह भदौरिया सुरपुर,। शैलेंद्र पालीवाल, संतोष सिंह तोमर, रायसिंह नरवरिय,। हरीश पप्पू शुक्ला, रामप्रकाश सेठी, राजीव सिंह भदौरिया रुदौली आदि प्रमुख हैं।

दर्जा केबिनेट मंत्री प्रद्युम्न सिंह लोधी का दौरा कार्यक्रम

भिण्ड । विधायक/अध्यक्ष दर्जा केबिनेट मंत्री एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. प्रद्युम्न सिंह लोधी आज एक दिवसीय दौरे पर भिण्ड पधार रहे है। विधायक/अध्यक्ष दर्जा केबिनेट मंत्री एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. प्रद्युम्न सिंह लोधी 12 सितम्बर 2021 को प्रातः12.30 बजे संगम पैलेस गार्डन, मुडियाखेडा चौराहा अटेर रोड भिण्ड पर लोधी लोधा क्षत्रिय महासभा का अधिवेशन एवं समाज के इतिहास की पुस्तिका के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विनोवाजी ने चम्बल के दस्युओं को आत्मसमर्पण का रास्ता दिखाया

सर्वोदय आश्रम में मनाई आचार्य विनोवा भावे की जयंती

भिण्ड। कुख्यात दस्युओं से चम्बल घाटी को आजाद करने के लिए आचार्य विनोवा भावे ने यहां आकर उन्हें आत्म समर्पण के लिए प्रेरित किया था। यह बात सर्वोदय आश्रम हमीरापुरा में आयोजित आचार्य विनोवा भावे की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्वोदय संत लल्लूदद्दा जनसेवा समिति के सचिव पहलवान सिंह भदौरिया ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के आरंभ में विनोवा भावे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना की गई। आचार्य विनोवा भावे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि चम्बल घाटी 1960 के दशक में दस्यु प्रभावित थी। कई दुर्दांत दस्यु इस घाटी में पनाह लेकर आतंक का पर्याय बने हुए थे। उस समय सर्वोदय संत लल्लूदद्दा विनोवाजी से मिले और उन्हें अपने भिण्ड जिले में लेकर आए। विनोवा जी ने चम्बल के बीहड़ों में पनाह ले रहे दस्युओं से मुलाकात की और उन्हें हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। इसके पश्चात दुस्युओं के आत्म समर्पण का सिलसिला शुरू हो गया और आखिरकार चम्बल की धरा दुस्युओं के आतंक से मुक्त हो गई। इस अवसर पर अभिषेक सिंह भदौरिया, विकास सिंह, आदित्य सिंह, राघवेन्द्र सिंह, शत्रुघ्न सिंह, राजबहादुर सिंह, शिवनाथ तोमर, राजीव सिंह राजावत, अयोध्या प्रसाद शर्मा आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित, 3 प्रकरणों का हुआ निराकरण

भिण्ड । मध्यप्रदेश भू-संपदा अपीलीय अधिकरण भोपाल में 11 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 3 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किया गया। यह प्रकरण 58 लाख 14 हजार 516 रुपए की लेनदारी से संबंधित थे। रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश भू-संपदा अपीलीय अधिकरण सचिन जैन ने जानकारी दी है कि लोक अदालत के लिए अधिकरण के सदस्य जे.एस. माथुर की अध्यक्षता में खंडपीठ गठित की गई थी। इसमें अधिवक्ता बृजेश परमार और रोहित शर्मा शामिल थे। समिति के समक्ष कुल 9 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। इनमें से रश्मि नायक विरुद्ध आदिनाथ बिल्डर्स, मैसर्स अंसल हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड विरुद्ध नवीन चड्ढा और ए जी-8 वेंचर्स लिमिटेड एवं अन्य विरुद्ध श्रीमती आस्था अग्रहरी वैश्य एवं अन्य के प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रकरणों का आपकी निपटारा होने पर पक्षकारों ने खुशी व्यक्त की।

मेहगांव लोक अदालत के माध्यम से कुल 179 प्रकरणों का हुआ निराकरण

मेहगांव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एवं अशोक गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव जिला भिण्ड के द्वारा न्यायिक तहसील मेहगांव में भी शनिवार को नेशनल लोक अदालत का प्रातःकाल 10.30 बजे सुभारंभ किया गया। जिसमें अशोक गुप्ता, अपर जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फूलों से सुसज्जित माला को सरस्वती माता पर अर्पण कर उक्त नेशनल लोक अदालत का भव्य सुभारंभ किया गया उसी क्रम में मेहगांव न्यायालय के न्यायाधीशगण राकेश कुमार कुशवाह, कल्पना कोतवाल, दीक्षा अग्रवाल, मुकेश कुमार कोरी एवं अभिभाषकगण अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सचिव अजमेर सिंह नरवरिया, सह सचिव दिलीप चौधरी एवं समस्त वरिष्ठ व कनिष्ठ अभिभाषकगण एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण द्वारा मा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से गठित खण्डपीठ क्रमांक 21. अशोक गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेहगांव, एवं न्यायाधीशगण खण्डपीठ कमांक 22. राकेश कुमार कुशवाह, खण्डपीठ क्रमांक 23. दीक्षा अग्रवाल, खण्डपीठ कमांक 24, कल्पना कोतवाल एवं खण्डपीठ क्रमांक 25. मुकेश कुमार कोरी मेहगांव के द्वारा न्यायिक प्रकरण 129 का निराकरण किया गया ।

प्रयागराज हाई कोर्ट ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाय और गोरक्षा हो हिन्दुओं का मौलिक अधिकार

अलाहाबाद हाई कोर्ट का आदेश बहुत ही प्रशंसनीय हैं .पर ऐसे आदेशों का पालन को कितना मूर्त रूप दिया गया हैं और जाता हैं .न्यायलय के स्वयं कहा हैं की कुछ राज्य अभी भी प्रतिबंध लगाए हुए हैं .यह विचारणीय प्रश्न हैं की गोवा ,मणिपुर आदि शासन गौ हत्या की पैरवी करते हैं की हम प्रतिबन्ध नहीं लगा सकते .केंद्र सरकार के कई मंत्री चाँव से गौ मांस खाते हैं उन्होंने संसद में भी कथन किया हैं।

हमारा देश विसंगतियों से भरा पूरा हैं आप प्रस्ताव लाएंगे और विरोध शुरू होगा .अभी तक राष्ट्रभाषा घोषित नहीं हुए ,महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ .

भारत की अर्थ नीति पिंक क्रांति पर आधारित हैं हम विश्व में नंबर दो पर हैं मांस निर्यात और चमड़ा निर्यात में .कितनी बंदिश लगाएंगे .आप मांसाहार का जितना विरोध करते हैं उतना उपभोग और उपयोग होता हैं।

गौ माता के थनों में 33 करोड़ देवी देवता रहते हैं ,गौ मरने के पहले तक उपयोगी होती हैं और मरने के बाद भी सदुपयोगी होती हैं .अनेक वर्षों से जीव दया अहिंसा शाकाहार की दुहाई दे जारी हैं और उससे अधिक उपयोग हो रहा हैं .आर्थिक उन्नति मांसाहार पर आधारित हैं .आज भी टेलेविज़न में फिर से मांसाहार के विज्ञापनों की भरमार हैं और सरकार अप्रत्यक्ष में मांसाहार अण्डाहार मछली आहार को बढ़ावा दे रही हैं।

न्यायपालिका का प्रभाव प्रभावशाली नहीं होता .क्योकि आहार सेवन व्यक्तिगत होता हैं और हमारे यहाँ सम्पन्न व्यक्तियों के द्वारा भी बहुलता से उपयोग किया जाता हैं .पहले मांसाहार सेवन जातिगत था अब आर्थिक हो गया।

भविष्य बताएगा कितना पालन होगा आदेश का .उसके बाद उच्चतम न्यायालय हाई कोर्ट के आदेश को शून्य घोषित भी कर सकती हैं ,पर भारत में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाना असंभव हैं .व्यक्तिगत जागरूकता ही काम कर सकती हैं .नियमों कोतोड़ना और उनका विरोध करना हमारी हिमाकत हैं .संस्कृति हैं और दूसरा जब वे घातक बीमारियों से ग्रसित होंगे तब छोड़ेंगे .मांसाहर किसी भी दृष्टि में खाद्य नहीं हैं।

गंगा यमुना से कम पावन नहीं नर्मदा नदी

डॉ राघवेंद्र शर्मा

इसे जीवंतता मिली तो जीव मात्र का कल्याण

मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा नर्मदा नदी को जीवंत इकाई का दर्जा देने संबंधी संकल्प सराहनीय है। यदि यह संकल्प कानून में परिवर्तित होता है तो केवल मनुष्य ही नहीं, वरन इससे जीव मात्र का कल्याण होने वाला है। क्योंकि यह पावन नदी मध्यप्रदेश और गुजरात की जीवन रेखा है तथा महाराष्ट्र को छूते हुए लक्ष्य को प्राप्त होती है। इसके किनारों पर अनेक संस्कृतियां संरक्षित और संवर्धित हैं। यदि नर्मदा नदी की व्यापकता पर नजर डालें तो मध्य प्रदेश के अमरकंटक से उद्भव होने वाली नर्मदा गुजरात स्थित खंभात की खाड़ी तक पहुंचकर समुद्र में समाहित हो जाती है। इसकी लंबाई की बात की जाए तो यह मध्य भारत में बहने वाली सबसे बड़ी नदी होने का गौरव रखती है। यही नहीं, भारतीय उपमहाद्वीप में बहने वालीं महानतम नदियों में नर्मदा नदी को पांचवा स्थान प्राप्त है। जहां तक भारत में प्रवाहमान नदियों का सवाल है तो इसे कृष्णा और गोदावरी के बाद सबसे बड़ी नदी के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसकी भौतिक लंबाई नापी जाए तो यह 1 हजार 312 किलो मीटर तक अविरल बह रही है। नर्मदा नदी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उद्गम स्थल से लेकर सागर में समाहित होने के बीच लगभग 20 उप नदियां इस से मिली हुई हैं। या फिर यूं कहा जाए कि नर्मदा नदी इन 20 नदियों से रास्ते में मिलते हुए समुद्र तक पहुंचती है। इन नदियों के नाम बरनार, बंजार, शेर, शक्कर, दूधी, तवा, गंजाल, छोटी तवा, कुंदी, देव, गोई, हिरन, तिन्दोली, बरना, चंद्र केसर, कानर, मान, ऊटी और हथनी बताए जाते हैं। जिन बड़े शहरों से होकर नर्मदा नदी गुजरती है, उनकी संख्या भी कम नहीं है। अमरकंटक के अलावा डिंडोरी, मंडला, जबलपुर, होशंगाबाद, महेश्वर, बड़वानी, झाबुआ, ओमकारेश्वर, खंडवा, बड़ोदरा, राजपीपला, धर्मपुरी और भरूच ऐसे शहर हैं, जिन्हें स्पर्श करती हुई नर्मदा नदी अपना रास्ता तय करती है। नर्मदा नदी के धार्मिक महत्व पर गौर करें तो इसकी यश कीर्ति पतित पावनी गंगा नदी से किसी मायने में कम नजर नहीं आती। उदाहरण के लिए- इसका वर्णन चारों वेदों में पढ़ने को मिलता है। स्कंद पुराण के रेवा खंड में नर्मदा को रेवा नदी के नाम से वर्णित किया गया है। धर्म ग्रंथ बताते हैं कि इसका तो प्राकट्य यही आसुरी शक्तियों के सर्वनाश के लिए भगवान शंकर के हाथों हुआ था। नर्मदा का कंकर भी शंकर के समान पूजित है और इसके पत्थर से निर्मित शिवलिंग को प्राण प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती। नर्मदा नदी को प्राप्त वरदान के अनुसार इसके तट पर भगवान शंकर और माता पार्वती सहित सभी प्रमुख देवी देवता अदृश्य रूप में निवास कर रहे हैं। नर्मदा नदी के धार्मिक महत्व की इससे बढ़कर प्रतिष्ठा और क्या होगी कि इसके तट पर श्री राम, श्री लक्ष्मण, श्री गणेश, श्री कार्तिकेय और श्री हनुमान जैसे महानतम देवता भी तपस्या करके सिद्धियां प्राप्त करते रहे हैं। लिखने का आशय यह कि नर्मदा नदी का भौतिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व किसी भी रूप में सर्वोत्कृष्ट ही है। यह मध्य प्रदेश महाराष्ट्र और गुजरात के अनेक गांव शहरों और महानगरों को पेयजल उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण स्रोत बनी हुई है। इसके दोनों किनारों पर स्थित घने जंगल जीव मात्र को प्राणवायु देने का काम कर रहे हैं। यही नहीं, इन जंगलों में संरक्षित व संवर्धित अनेक पशु पक्षी प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करते हैं। 1000 किलोमीटर से भी अधिक लंबी नर्मदा नदी में कोटि कोटि जलचर भी आश्रय पाते हैं, इसमें संशय नहीं है। कुल मिलाकर नर्मदा नदी धार्मिक दृष्टि से पूजित तो है ही, जीव मात्र की जीवंतता के लिए भी उसका अस्तित्व अपरिहार्य बना हुआ है। बड़े दुख की बात है कि इतना सब ज्ञात होने के बाद भी हम इस पावन नदी को लगातार प्रदूषित कर रहे हैं। खनन माफिया इस के गर्भ से रेत और कीमती पत्थरों का अनियंत्रित व असंतुलित खनन करके इसे प्रलयंकारी बनाने पर तुले हुए हैं। आम आदमी ने भी इसे गंदगी का दरिया बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। क्या शहर और क्या गांव, हर जगह से इस पुण्य सलिला में अपशिष्ट पदार्थ, गंदे नालों का दूषित पानी छोड़ा जा रहा है। बड़े बड़े कारखानों के विषाक्त व रासायनिक जहरीले तरल पदार्थ भी नर्मदा में समा रहे हैं। प्लास्टिक ने तो कोढ़ में खाज की स्थिति उत्पन्न कर दी है। इन परिस्थितियों का छिद्रांवेषण करें तो समझ में आएगा कि जब नर्मदा नदी दूषित होती है तो उन 20 उप नदियों को भी प्रदूषित होना ही पड़ता है, जो या तो इसमें समा जाती हैं या फिर नर्मदा इनसे मिलती हुई सागर की ओर बढ़ती चली जाती है। ऐसे में यह निश्चित हो जाता है कि नर्मदा सहित उन सभी नदियों से संबंधित गांव, नगर और महानगर भी शुद्ध पेयजल तो नहीं पा रहे होंगे?। अंत में सागर को भी नर्मदा के माध्यम से प्रदूषित होना पड़ता है। क्योंकि यह सारा कचरा, अपशिष्ट पदार्थ, जहरीले रसायन, इस महान नदी के माध्यम से सागर में ही समाहित हो रहे हैं। दावे के साथ कहा जा सकता है कि यदि नर्मदा नदी साक्षात नारी स्वरूपा होती तो अपनी क्षीण होती पवित्रता के चलते चीत्कार उठती। मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने शायद नर्मदा नदी की इसी पीड़ा को समझने का प्रयत्न किया है और उसे जीवंत इकाई का दर्जा प्रदान करने हेतु संकल्प पारित किया है। यदि यह संकल्प कानून में परिवर्तित हो पाया तो नर्मदा नदी को बचाने के अधिकतम और गंभीरतम प्रयास किए जा सकेंगे। यही नहीं, खुद नर्मदा नदी की ओर से देश और प्रदेश की सरकार के समक्ष संरक्षण और संवर्धन की गुहार लगाई जा सकेगी। जिस प्रकार एक जीवित नारी पर मानहानि, अत्याचार, हत्या का प्रयास अथवा हत्या जैसे अपराध होने पर दोषी को कठोरतम दंड का प्रावधान है, उसी प्रकार नर्मदा नदी के साथ विधि विरुद्ध आचरण करने वालों को भी दंडित किया जा सकेगा। मध्य प्रदेश की भाजपा शासित शिवराज सरकार के जैव और पर्यावरण हितैषी संकल्प को कानूनी मान्यता प्रदान करने में विपक्षी दलों का भी सकारात्मक सहयोग मिलेगा, ऐसी कामना।

सन्मार्ग की प्रवृति

उत्तम कार्य की कार्य प्रणाली भी प्राय- उत्तम होती है। दूसरों की सेवा या सहायता करनी है, तो प्राय- मधुर भाषण, नम्रता, दान, उपहार आदि द्वारा उसे संतुष्ट किया जाता है। परन्तु कई बार इसके विपरीत क्रिया-प्रणाली ऐसी कठोर, तीक्ष्ण एवं कटु बनानी पड़ती है कि लोगों को भ्रम हो जाता है कि कहीं यह दुर्भाव से प्रेरित होकर तो नहीं किया गया। ऐसे अवसरों पर वास्तविकता का निर्णय करने में बहुत सावधानी बरतने पड़ती है। सीधे-सादे अवसरों पर सीधी-सादी प्रणाली से भली प्रकार काम चल जाता है। भूखे, प्यासे की सहायता करनी है, तो वह कार्य अन्न-जल देने के सीधे-सादे तरीके से चल जाता है। किसी दुःखी या अभावग्रस्त को अभीष्ट वस्तुएं देकर उसकी सेवा की जा सकती है। धर्मशाला, कुआं, पाठशाला, अनाथालय, औषधालय आदि द्वारा लोकसेवा की जा सकती है। ऐसे कार्य निश्चय ही श्रेष्ठ हैं और उनकी आवश्यकता व उपयोगिता सर्वत्र स्वीकारी जा सकती है। परन्तु कई बार ऐसी सेवा की भी बड़ी आवश्यकता होती है, जो प्रत्यक्ष में बुराई मालूम पड़ती है और उसे करने वाले को अपयश ओढ़ना पड़ता है। इस मार्ग को अपनाने का साहस हर किसी में नहीं होता। दुष्ट और अज्ञानियों को उस मार्ग से छुड़ाना, जिस पर वे बड़ी ममता और अहंकार के साथ प्रवृत्त हो रहे हैं, साधारण काम नहीं है। सीधे आदमी की भूल ज्ञान से, तर्क से, समझाने से सुधर जाती है पर जिनकी मनोभूमि अज्ञानान्धकार से कलुषित हो, साथ ही जिनके पास कुछ शक्ति भी है, वे ऐसे मदान्ध हो जाते हैं कि सीधी-सादी क्रिया-प्रणाली का उन पर प्राय- कुछ असर नहीं होता। मनुष्य शरीर धारण करने पर भी जिनमें पशुत्व की प्रधानता है, दुनिया में उनकी कमी नहीं है। उन्हें ज्ञान, तर्क, नम्रता, सज्जनता, सहनशीलता से अनीति के दुःखदाई मार्ग से पीछे नहीं हटाया जा सकता।

एमएसएमई संकटग्रस्त

सिद्धार्थ शंकर

कुछ महीने पहले तक एमएसएमई के संकटग्रस्त होने के अनुमान लगाए जाते रहे हैं। लेकिन अब अनुमानों के कुछ आंकड़े आने के बाद इस क्षेत्र की तस्वीर साफ होने लगी है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एमएसएमई से कर्ज किस्त चूक के मामलों में तीव्र उछाल आया है। यानी इस क्षेत्र के उद्यमों को पहली तिमाही के दौरान जो रकम बैंकों को लौटानी थी, वे नहीं लौटा पाए। यह बात सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रथम तिमाही के बहीखाते से सामने आई है। हालांकि इसका एक कारण अधिक कर्ज का वितरण भी रहा। लेकिन इससे भी बड़ा कारण है कारोबार और बाजार की खस्ता हालत। यानी जिस काम में कर्ज का पैसा खर्चा गया, वहां से या तो वह समय पर लौटा नहीं, या खर्च करने और लौटने की प्रक्रिया में पैसा बर्बाद हो गया। ये दोनों स्थितियां किसी के लिए अच्छी नहीं कही जा सकतीं। एमएसएमई की हालत पहले से ठीक नहीं थी और फिर महामारी ने तो भट्ठा बैठा दिया।

नीतिगत सीमाओं के कारण एमएसएमई क्षेत्र को वे सुविधाएं नहीं मिल पातीं जो बड़े उद्यमों को सुलभ हैं। पूंजी की कमी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है। आसान कर्ज मिल पाना हमेशा से कठिन रहा है। महामारी के दौरान सरकार ने इस क्षेत्र को राहत देने के लिए आसान ऋण के कुछ प्रावधान किए। इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम यानी ईसीएलजीएस के कारण 2020-21 में एमएसएमई को कुल साढ़े नौ लाख करोड़ के कर्ज दिए गए, जो 2019-20 के 6.8 लाख करोड़ रुपए से काफी अधिक है। लेकिन लगता है इस कर्ज से ऋण होने की एक नई चुनौती इस क्षेत्र के सामने आ खड़ी हुई है। इस क्षेत्र के उद्यम अपनी देनदारी नहीं चुका पा रहे हैं। वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में भारतीय स्टेट बैंक के नए बकाए का आकार चार गुना बढ़ कर 15,666 करोड़ हो गया, जो साल भर पहले की समान तिमाही में 3637 करोड़ रुपए था, यानी पांच गुने के आसपास। और इस बकाए का 40

फीसद से अधिक हिस्सा या 6416 करोड़ अकेले एमएसएमई क्षेत्र से है। इसी तरह इंडियन बैंक के नए बकाए का उनसठ फीसद हिस्सा या 4204 करोड़ रुपए और केनरा बैंक के नए बकाए का 58 फीसद या 4253 करोड़ रुपए एमएसएमई क्षेत्र से है। इन आंकड़ों से साफ है कि बैंकों का हजारों करोड़ रुपया एमएसएमई क्षेत्र के कर्ज में फंस गया है। अगर ये उद्योग कर्ज की किस्तें लौटा पाने में सक्षम नहीं होंगे तो इसका सीधा असर बैंकों की सेहत पर दिखेगा जो पहले ही से एनपीए के बोझ तले दबे पड़े हैं। ऐसा भी नहीं है कि सरकार या सरकारी बैंकों को एमएसएमई क्षेत्र की हालत के बारे में पता नहीं है। रिजर्व बैंक ने हालांकि जुलाई की अपनी वित्तीय स्थिरता रपट में कहा था कि बैंकों के एनपीए का आकार बढ़ सकता है, खासतौर से एमएसएमई और खुदरा क्षेत्र के मद में। जबकि बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के एमएसएमई मद का संकट सुलझाने के लिए आरबीआई कई पुनर्गठन योजनाएं पहले ही पेश कर चुका है। आरबीआई ने 2019 से लेकर तीन ऐसी योजनाएं पेश कीं, जिसके तहत एमएसएमई क्षेत्र के 25 करोड़ रुपए तक के संकटग्रस्त कर्ज के पुनर्गठन की अनुमति दी गई। इसके आधार पर बैंकों ने जनवरी 2019, फरवरी 2020 और अगस्त 2020 की पुनर्गठन योजनाओं के तहत कुल 56,866 करोड़ रुपए ऋण का पुनर्गठन किया। लेकिन यह राहत ऊंट के मुंह में जीरे जैसी थी, जिसके कारण यह क्षेत्र वित्तीय संकट से बाहर नहीं निकल पाया। सरकार शेयर बाजार में तेजी और पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़े (20.1 फीसद) से उत्साहित हैं और उसके आधार पर मान रहे हैं कि सब कुछ सही रास्ते पर है। लेकिन सही बात तो यह है कि एमएसएमई शेयर बाजार से बाहर हैं और जीडीपी के आंकड़े में भी एमएसएमई का असंगठित क्षेत्र शामिल नहीं है। दूसरी ओर पहली तिमाही के बेरोजगारी के आंकड़े (9.68 फीसद) आईना दिखाते हैं। आंकड़ों का उद्देश्य सच को जानना और उसके अनुसार कार्रवाई करना होना चाहिए।

उत्तम आर्जव-त्यागें मिथ्याचार।

सूडोकु नवताल- 5830 ★☆☆☆☆ सरल

5	9		1		2		3	8
			4		5			
2								5
		3		5		4	8	
	7						1	
	5	8		6		9		
8								1
			2		9			
3	4		6		7		5	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -5829 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

विजय कुमार जैन

जो जैसा है वैसा ही प्रकट करना नहीं चाहता। भीतर कुछ है, बाहर कुछ और दिखता है। व्यक्ति के जीवन में दोहरापन दिखाई पड़ता है, यह दोहरापन ही मायाचारी हैं यह ही निकृति है, कुटिलता है। इस कुटिलता के अभाव का नाम ही आर्जव धर्म है। उत्तम आर्जव का स्वरूप बताते हुए भगवती आराधना में कहा है - जो मन में हो उसे ही वाणी और व्यवहार में उतारना, मन-वन-काय से एक होना आर्जव धर्म है। इसके विपरीत कुटिलता अधर्म है। सरलता स्वर्ग का सोपान है तो कुटिलता नरक का पथ।

जीवन के इस दोहरेपन को दूर करने का प्रयास करना चाहिये क्योंकि बहुरूपियापन व्यक्ति को कहीं का नहीं रहने देता। ऐसे व्यक्ति बहुत स्वार्थी होते हैं, अवसर को देखते ही अपना रूप बदल लेते हैं। ऐसे लोगों पर विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि ये कब कैसा रूख अपना लें कहां जा नहीं सकता।

मन, वचन और काय में एकरूपता महापुरूषों का लक्षण है तथा मन, वचन और काय की भिन्नता दुरात्मा की पहचान है। मन कुछ, वचन में कुछ, प्रकट में कुछ, ये कुटिलता

दोहरापन है। इस दोहरेपन में खत्म करके मन, वचन, वाणी और व्यवहार में एकरूपता लाकर सरल बनने की आवश्यकता है। सरल बनने की बात बड़ी सरलता से सुनी और कहीं जा सकती है। सरलता सुनने समझने में जितनी सरल प्रतीत होती है, जीवन में उतारने में उतनी सरल नहीं है। कहा है सरल बन जाना कदाचित सरल है, पर सरल हो पाना बड़ा जटिल है। कुछ लोग सरल बनते हैं, कुछ दिखते है और कुछ वास्तव में सरल होते हैं। प्रयत्नपूर्वक स्वयं को सरल दिखाने वाले लोग इस संसार में बहुत है। किन्तु वास्तविक रूप में सरल हो जाने वाले लोग बहुत कम है। सरल वह है जिसके मन में सत्य के प्रति निष्ठा हो, जो सच्चाई के पथ पर चलने हेतु संकल्पित हो, जो ईमानदारी का जीवन जीने का आदी हो।

शास्त्रों में चार प्रकार के लोग बताये गये हैं - (1) बाहर से सरल, भीतर से सरल प्रथम प्रकार के लोग अत्यंत सरल होते हैं। (2) बाहर से कुटिल भीतर से सरल दूसरे प्रकार के वे लोग है जो बाहर से कठोर और भीतर से सरल होते हैं। (3) बाहर से सरल और भीतर से कुटिल तीसरे प्रकार के मनुष्य वे होते हैं जो ऊपर से सरल दिखते है पर होते नहीं है। (4) बाहर भीतर से कुटिल चौथे प्रकार के व्यक्ति बाहर-भीतर से कुटिल होते हैं। कुटिलता उनकी नस-नस में भरी होती हैं वे कुटिलता की प्रति मूर्ति होते हैं। उनका जीवन बड़ा गूढ़ होता है। ऐसे लोग मरते-मरते भी कुटिलता नहीं छोड़ते। जैसे मदिरा का पात्र आग से तपाने पर भी शुद्ध नहीं होता, वैसे ही कुटिल हृदय व्यक्ति सौ बार तीर्थ स्नान करके भी शुद्ध नहीं होता। अतएव कुटिलता, मायाचारी और कपट पूर्ण व्यवहार से बचने का प्रयत्न करें। सरलता और सदाचार को अपने जीवन का आदर्श बनाकर चलें। तभी आत्म कल्याण होगा। यही उत्तम आर्जव है।

शी और बाइडन से सीखें मोदी

वेदप्रताप वैदिक

जब से जो बाइडन अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, चीन के राष्ट्रपति शी चिन फिंग से उनकी खुलकर बात पहली बार हुई है। यह बात डेढ़ घंटे चली। दोनों राष्ट्रपतियों ने अपने मामले बातचीत से सुलझाने की बात कही। दोनों ने जलवायु-प्रदूषण और परमाणु खतरे पर एक-जैसे विचार व्यक्त किए लेकिन दोनों राष्ट्रों के बीच कई मुद्दों पर जबर्दस्त टकराव है। इस समय पिछले कुछ वर्षों से अमेरिका और चीन के बीच वही माहौल बन गया है जो 50-60 साल पहले सोवियत रूस और अमेरिका के बीच था याने शीत युद्ध का माहौल ! दोनों देशों की फौजों की चाहे सीधी टक्कर दुनिया में कहीं भी नहीं हो रही है लेकिन हर देश में चीनी और अमेरिकी दूतावास एक-दूसरे पर कड़ी नजर रख रहे हैं। दोनों देशों में एक-दूसरे के राजनयिकों पर भी काफी सख्ती रखी जाती है। संयुक्तराष्ट्र संघ में भी दोनों देशों के प्रवक्ता एक-दूसरे का विरोध करने से बाज नहीं आते। अमेरिका को डर है कि चीन उसे विश्व-बाजार में कहीं पटकनी नहीं मार दे। उसका सस्ता और सुलभ माल उसे अमेरिका के मुकाबले बड़ा विश्व-व्यापारी न बना दे। अमेरिका को डर है कि अगले 15-20 साल में चीन कहीं विश्व का सबसे मालदार देश न बन जाए। अमेरिका को सामरिक खतरे भी कम महसूस नहीं होते। चीन जो अरबों-खरबों रु. खर्च करके रेशम-पथ बना रहा है, वह पूरे एशिया के साथ-साथ यूरोप और अफ्रीका में चीनी प्रभाव को कायम कर देगा। लातीनी अमेरिका, जिसे अमेरिका अपना पिछवाड़ा समझता है, वहाँ भी चीन ने अपने पाँव पसार लिये हैं। उसने एशिया में अमेरिका के हर विरोधी से गठजोड़ बनाने की कोशिश की है। ईरान-अमेरिका के परमाणु-विवाद का फायदा चीन जमकर उठा रहा है। उसने ईरान के साथ तगड़ा गठजोड़ बिठा लिया है। पाकिस्तान तो बरसों से चीन का हमजोली है। इन दोनों देशों की 'इस्पाती दोस्ती' अब अफगानिस्तान के तालिबान के ऊपर भी मंडरा रही है। भारत के सभी पड़ौसी देशों पर चीन ने डोरे डाल रखे हैं। मध्य एशिया के पाँचों मुस्लिम गणतंत्रों के साथ उसके संबंध बेहतर बनते जा रहे हैं। अमेरिका को नीचा दिखाने के लिए आजकल चीन ने रूस से हाथ मिला लिया है। अमेरिका भी कम नहीं है। उसने दक्षिण चीनी समुद्र में चीनी वर्चस्व को चुनौती देने के लिए जापान, आस्ट्रेलिया और भारत के साथ मिलकर एक चौगुटा खड़ा कर लिया है। वह ताइवान के सवाल पर भी डटा हुआ है। जाहिर है कि इतने मतभेदों और परस्पर विरोधी राष्ट्रहितों के होते हुए दोनों नेताओं के बीच कोई मधुर वार्तालाप तो नहीं हो सकता था।

टाइगर 3 के लिए तुर्की में डांस सीख रहीं कैटरीना, वीडियो में दिखाई झलक

कैटरीना कैफ जल्द ही फिल्म टाइगर 3 में सलमान खान के साथ इश्क फरमाती दिखेंगी। पिछले महीने ही वह अपनी इस फिल्म की शूटिंग के लिए रूस पहुंची थीं। इस फिल्म के सेट से आए दिन नई तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं। हाल ही में खुद कैटरीना ने एक डांस वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसके बाद इस फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह दोगुना हो गया है।

कैटरीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया. जिसमें वह टाइगर 3 के गाने के लिए प्रैक्टिस करती दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, हमने तुर्की में भी डांस करने की जगह ढूंढ़ ली है। कैटरीना इस गाने की शूटिंग सलमान के साथ कैप्पाडोसिया में करेंगी। यह जगह अपने हॉट एयर बैलून के लिए मशहूर है। यह गाना फिल्म के अंत में दिखाया जाएगा। इस फिल्म में कैटरीना अपने करियर का सबसे बड़ा एक्शन सीन भी करने वाली हैं।।

बताया जा रहा है कि टाइगर 3 का डांस नंबर टाइगर जिंदा है के स्वैग से स्वागत से बड़ा और शानदार होने वाला है। फिल्म के निर्देशक मनीष शर्मा ने टाइगर 3 के लिए तय किया है कि वह एक धमाकेदार पार्टी सॉन्ग लेकर आएंगे, जिसमें सलमान और कैटरीना दोनों थिरकते दिखेंगे। यह टाइगर 3 का मुख्य सॉन्ग भी होगा, जिसका इस्तेमाल फिल्म के प्रमोशन में भी किया जाएगा। यह पेपी ट्रैक किसी को भी झूमने पर मजबूर कर देगा। टाइगर फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म एक था टाइगर ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ दिए थे। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया था। इसके बाद 2017 में फिल्म टाइगर जिंदा है रिलीज हुई थी। यह भी सुपरहिट हुई थी। टाइगर 3 इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। पहली दो फिल्मों की तर्ज पर उम्मीद है कि यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करेगी। यह बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बनने जा रही है। कैटरीना, अक्षय कुमार के साथ फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है। वह अमिताभ बच्चन के साथ आर बाल्की की फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। उन्हें हॉरर कॉमेडी फिल्म फोन भूत में देखा जाएगा। इसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर नजर आएंगे।

च्यूइंग गम चबाने से घटता है वजन, जानें सच्चाई

अधिकतर लोगों ने कभी न कभी च्यूइंग गम खाई होगी। इसके साथ ही हमें अक्सर बताया जाता है कि च्यूइंग गम खाने में सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि च्यूइंग गम निगलना खतरनाक हो सकता है। अगर कोई आपसे कहे कि च्यूइंग गम चबाना वजन कम करने में मदद कर सकता है तो इसमें चौंकने वाली बात नहीं है। कई स्टडीज में पता चला है कि च्यूइंग गम चबाना कार्विंग को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा च्यूइंग गम ओवरइटिंग को रोकती है और भूख को मैनेज करती है, जिससे आपके शरीर में एकस्ट्रा वजन कम हो सकता है। कई स्टडीज में इस बात का पचा चला है कि च्यूइंग गम चबाने से कैलोरी बर्न में मदद मिल सकती है। एक रिसर्च में पाया गया कि जो लोग रोजाना च्यूइंग गम चबाते हैं, उन्होंने कम से कम कैलोरी को कंज्यूम किया। इसके अलावा च्यूइंग गम चबाने वालों में अन्य लोगों की तुलना में 5 फीसदी अधिक कैलोरी बर्न होती है। वहीं, एक अन्य स्टडी में पता चला कि च्यूइंग गम चबाना भूख को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। इस तरह से स्टडी में शामिल लोगों की रोजाना की कैलोरी की मात्रा भी कम हो गई।

इस समय चबाएं च्यूइंग गम:

1- जब आप फ्री हों तो चबाएं।
2- खाना खाने के बाद चबाएं।
3- बाहर के खाने का मन करे तो चबा लें।
4- खाना बनाते समय चबा सकते हैं।

एक बात हमेशा ध्यान में रखें च्यूइंग गम चबाना तभी आपके वजन को कम कर सकता जब आप नियमित रूप से व्यायाम करें और अच्छा भोजन करें। इसके साथ इस बात का ध्यान रखें कि अधिक च्यूइंग गम चबाने से भी बचा जाए। इसके अलावा कोशिश करनी चाहिए कि शुगर फ्री च्यूइंग गम को चबाएं क्योंकि सामान्य च्यूइंग गम की तुलना में इसमें कम कैलोरी होती है।

अजय देवगन ने लॉन्च किया पैनोरामा म्यूजिक

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन फिल्म जगत में कई साल से काम कर रहे हैं. जहां एक्टर की तगड़ी फैन फॉलोइंग भी है. जहां अब अजय देवगन ने अपने फैंस से एक खास वीडियो बनाकर एक यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करने का अनुरोध किया है. जी हां, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने अब पैनोरामा म्यूजिक नामक लेबल लॉन्च किया है. जिसका प्रमोशन अब अजय देवगन कर रहे हैं.

आपको बता दें, इस म्यूजिक चैनल का नेतृत्व राजेश मेनन करने वाले हैं. कहा जा रहा है कि पैनोरामा म्यूजिक ओरिजिनल म्यूजिक, फिल्म म्यूजिक, स्वतंत्र म्यूजिक, और रीजनल म्यूजिक को बढ़ावा देगा. जहां इस लेबल के जरिए कई नए कलाकारों को गाना गाने का मौका भी दिया जाएगा. जहां ये नया लेबल रीजनल कंटेंट के निर्माण पर जोर देगा और साथ ही हिंदी कंटेंट में विभिन्न प्रकार की शैलियां, मुख्य रूप से सूफी, गजल और भक्ति सोंग्स को शामिल करेगा.

अजय देवगन इस म्यूजिक लेबल को प्रमोट करते हुए अपने पोस्ट में कहा कि म्यूजिक का हमेशा से मेरे जीवन में खास स्थान रहा है. डिजिटल मीडियम के माध्यम से संगीत की संभावनाएं अनंत हैं. भारत की संगीत संस्कृति हमेशा से समृद्ध रही है, जो अभी भी अस्पष्टीकृत है; पैनोरामा म्यूजिक, पैनोरामा स्टूडियोज के लिए सही दिशा में एक कदम है और मैं उन्हें उनके नए उद्यम के लिए शुभकामनाएं देता हूं. खबर है कि इस लेबल पर गणेश चतुर्थी से पहले अपना पहला सिंगल लॉन्च किया जाएगा. इस लेबल के बारे में बात करते अभिषेक पाठक कहते हैं, मैं मनोरंजन की पीढ़ी के स्तर का विस्तार करने के लिए बेहद रोमांचित हूं. उन कलाकारों को एक मंच प्रदान करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है जो संगीत उद्योग में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं. हम ऐसा संगीत बनाना चाहते हैं जो बहुत मायने रखता है और अद्वितीय म्यूजिक क्रिएट कर हम भारत का एक अहम स्थान बनाना चाहेंगे. अजय देवगन के वर्क फ्रंट के बारे में बात करें तो एक्टर हमें बहुत जल्द कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं. एक्टर इन दिनों लगातार अपनी फिल्मों की शूटिंग में ही व्यस्त चल रहे हैं. आपको बता दें, हाल ही में अजय देवगन की फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया रिलीज हुई थी।

भाई टाइगर श्रॉफ के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करना पसंद करेंगी कृष्णा श्रॉफ

कृष्णा श्रॉफ इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता जैकी श्रॉफ की बेटी हैं। उनके भाई टाइगर श्रॉफ ने बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। टाइगर ने कई महत्वपूर्ण फिल्मों में अपने अभिनय से प्रशंसकों का दिल जीता है। अब फैंस कृष्णा को बॉलीवुड में डेब्यू करते हुए देखना चाहते हैं। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि वह अपने भाई टाइगर के साथ फिल्म जगत में डेब्यू करना पसंद करेंगी। कृष्णा ने अपने डेब्यू को लेकर अहम खुलासा किया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह कभी शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म जोश की तर्ज पर भाई-बहन की जोड़ी की याद दिलाने वाली फिल्म में टाइगर के साथ काम

करेंगी, तो इस पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, शायद यही वह समय है, जब आप मुझे स्क्रीन पर देखेंगे। (यदि कृष्णा और टाइगर को ऐसा कोई ऑफर मिलेगा तब)। कृष्णा ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हम एक साथ बेहतर करेंगे। हम ऐसा एक्शन करेंगे, जिसे लोगों ने हमारे देश में पहले नहीं देखा होगा। साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिले हैं, लेकिन उन्होंने इन प्रस्तावों को रिजेक्ट कर दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उन्हें इन फिल्मों के रिजेक्ट करने का कोई पछतावा नहीं है। वह काफी सोच-समझकर फिल्मों में कदम रखना चाहती हैं। हाल में कृष्णा ने राशी सूद के गाने किन्नी किन्नी वारी से ऑन-स्क्रीन डेब्यू किया है। यह गाना यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। किन्नी किन्नी वारी में जन्नत जुबैर, नगमा, जेमी लीवर, राज शोकर और तन्वी भी नजर आई हैं।

अंतिम में सलमान और आयुष शर्मा के बीच होगा घमासान युद्ध

बॉलीवुड के नायाब एक्टर सलमान खान ने अपने जीजा आयुष शर्मा एक साथ पर्दे पर धमाका करने वाले हैं. सलमान और आयुष की नई फिल्म अंतिम द लास्ट ट्रुथ का एक नया पोस्टर हाल ही में रिलीज कर दिया गया है. हाल ही में रिलीज किए गए इस पोस्टर में सलमान खान और आयुष शर्मा एक-दूसरे की आंखों में आंखें डालकर गुर्राते नजर आ रहे हैं. आयुष शर्मा और सलमान खान ने फिल्म अंतिम की शूटिंग कोरोना वायरस महामारी के बीच पूरी की है. बहुत प्रत्याशा और बड़े उत्साह के बाद अब अंतिमः द फाइनल ट्रुथ के निर्माताओं ने खूंखार गैंगस्टर आयुष शर्मा और उग्र पुलिस वाले सलमान खान की कड़ी प्रतिद्वंद्विता को दर्शाते हुए फिल्म के पहले पोस्टर का अनावरण किया है. आपको बता दें कि तीव्र पोस्टर में दोनो के बीच संघर्ष को दर्शाया गया है, जो अलग-अलग विचारधाराओं वाले एक पुलिस और गैंगस्टर के इर्द-गिर्द घूमती साजिश को उजागर करता है. दो-नायकों वाली फिल्म के रूप में, अंतिम पूरी तरह से दो अलग-अलग दुनिया के मजबूत, शक्तिशाली व्यक्तियों को आमने-सामने लाती है, जिससे हम दिलचस्प और रोचक कहानी की उम्मीद कर सकते हैं.इससे पहले, आयुष शर्मा अपनी फिल्म लवयात्री में एक दुबले-पतले, प्यारे गुजराती लड़के के रोल में दिखाई दिए थे. अंतिम में आयुष एक खतरनाक, मजबूत गैंगस्टर के रूप में नज़र आएंगे जो कि एक उल्लेखनीय परिवर्तन के साथ दर्शकों को चौकाने के लिए तैयार है।

उर्फी जावेद ने ट्यूब टॉप में दिखाया बोल्ड अवतार, फैंस के उड़े होश

बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद शो से बाहर हो चुकी हैं मगर अभी भी सुर्खियों का हिस्सा बनी हुई हैं. उर्फी अपने कपड़ों की वजह से सुर्खियों का हिस्सा बनी रहती हैं. अब उर्फी ने नए लुक में फोटोज शेयर की हैं. उर्फी के इस लुक के फैंस दीवाने हो गए हैं. इस बार उन्होंने प्रिंटेड ट्यूब टॉप के साथ ऑरेंज कलर की धोती पहनी हुई है. इसके साथ उन्होंने नेकपीस पहना है जो उनके लुक को कॉम्प्लीमेंट दे रहा है. उर्फी ने फोटोज शेयर करते हुए लिखा-ज्यादातर लड़कियां ट्यूब टॉप पहनते हुए ये करती हैं. वह अपने टॉप को एडजस्ट करती रहती हैं. पूरा लुक देखिए. उर्फी ने अपनी कई सारी फोटोज शेयर की हैं. जिनमें से एक में वह अपना टॉप एडजस्ट करती नजर आ रही हैं. उर्फी की फोटोज को हजारों फैंस लाइक कर चुके हैं. सेलेब्स के साथ फैंस भी उनके पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं. ईशा अग्रवाल ने कमेंट किया- ब्यूटीफुल फोटोज. वहीं एक फैन ने लिखा- खूबसूरत तस्वीरें. उर्फी जावेद (ह्द्बद्ग ष्ठ्ठ्ठ्र) सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपने फैंस के लिए ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. उर्फी टीवी एक्ट्रेस हैं. साल 2016 में वह शो बड़े भैया की दुल्हनिया में नजर आई तीं. इसके बाद वह चन्द्र नन्दिनी और मेरी दुर्गा जैसे शोज में काम कर चुकी हैं. उर्फी, ये रिश्ता क्या कहलाता है, सात फेरों की हेरा-फेरी, बेपनाह और जिजि मा जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं. हालांकि सबसे ज्यादा पॉप्युलैरिटी उर्फी को सीरियल बेपनाह से मिली है।

रेडिएंट और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए करें ऑयल क्लींजिंग, त्वचा के लिए है बेहद फायदेमंद

ऑयल क्लींजिंग इन दिनों एक नया पॉपुलर ब्यूटी ट्रेंड है. हम सभी अपने स्किन केयर रूटीन में अलग- अलग चीजों को ट्राई करते हैं. ऐसे में अब समय आ गया कि स्किन केयर रूटीन में क्लींजिंग ऑयल का इस्तेमाल करना चाहिए. हम में से ज्यादा लोगों को लगता है कि तेल से ब्रेकआउट और एक्ने की समस्या बढ़ती है. लेकिन तेल त्वचा में पोषण भरने का काम करता है. अगर सही तरीके से तेल को इस्तेमाल किया जाए तो बहुत फायदेमंद होता है. आप त्वचा को क्लींज करने के लिए तेल के अलग- अलग कॉम्बिनेशन का इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे आपकी त्वचा के पोर्स में जमी गंदगी हट जाती है, साथ ही डेड स्किन को भी हटाने में मदद करता है. त्वचा को क्लींज करने के लिए ऑयल बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें. आइए जानते हैं ऑयल क्लींजिंग के फायदों के बारे में.

1. त्वचा के डेड स्किन और पोर्स को हटाकर क्लींज करने में मदद करता है.
2. ये आपकी त्वचा को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है. साथ ही नमी को बनाएं रखता है.
3. आप इसका इस्तेमाल मेकअप हटाने के लिए भी कर सकते हैं.
4. ये आपकी त्वचा से एक्सट्रा सीबमे के रिसाव को कम करने में मदद करता है.

ऑयल क्लींज करने का सही तरीका

- सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें और तौलिए से पोछ लें.
- अब अपने स्किन टाइप के हिसाब से ऑलिव या जोजोबा और कैस्टर ऑयल को हाथों में मिलाएं.
- इस मिश्रण को अपनी त्वचा पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें.
- जब आप मसाज कर लें तो मुलायम कपड़े से एक्सट्रा ऑयल निकाल लें और बाद में मॉइश्चराइजर लगाएं.

इन बातों का रखें ध्यान

- स्किन केयर रूटीन में ऑयल क्लींजिंग करने से पहले त्वचा विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें.
- अपनी त्वचा के टेक्सचर के बारे में पहले जान लें. इसके बाद इस प्रक्रिया को अपनाएं।
- हर तेल सभी स्किन टाइप के लिए फायदेमंद नहीं होता है. इसलिए आपको पता होना चाहिए कि कौन सा तेल आपकी त्वचा के लिए बेहतर है. ध्यान रहें कि अगर तेल आपकी स्किन टाइप को सूट नहीं करता है तो उसे लगाने से बचाना चाहिए।

जस्सी गिल-सुरभि ज्योति की फिल्म का गाना हुआ रिलीज, सिंगर ने क्लासिक गाने को दिया है ट्विस्ट

जस्सी गिल और सुरभि ज्योति की फिल्म 'क्या मेरी सोनम गुप्ता बेवफा है?' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. यह फिल्म जी5 पर 10 सितंबर को रिलीज होने वाली है. इस फिल्म का आज एक गाना रिलीज हुआ है. जो ऑडियन्स को काफी पसंद आ रहा है. इस गाने का नाम लेके पहला पहला प्यार है. स्सी गिल ने 1956 के प्रतिष्ठित ट्रैक 'लेके पहला पहला प्यार' को फिर से रिक्रिएट किया है. अभिनेता-गायक ने कहा कि उन्होंने बहुत सारे पुराने गाने देखे जो एक रेट्रो वाइब को फिर से बनाने के लिए मुख्यधारा की पॉप संस्कृति का हिस्सा थे. मूल ट्रैक 1956 की फिल्म 'सीआईडी' से है, जिसमें दिवंगत महान अभिनेता देव आनंद, शकीला और शीला वाज थी. इस गाने को शमशाद बेगम, मोहम्मद रफी, आशा भोंसले ने गाया है और गाने के बोल मजरूह सुल्तानपुरी ने लिखे हैं. क्लासिक लुक को दोहराने से लेकर डांस मूवमेंट से लेकर कपड़ों तक, अभिनेताओं ने 1970 और 1980 के दशक के गानों की हर बारीकियों को नवीनतम संस्करण के साथ पर्दे पर उतारा है। जस्सी ने कहा कि मैंने बहुत सारे पुराने गाने देखे जो मुख्यधारा की पॉप संस्कृति का हिस्सा थे.अपील और रेट्रो फैशन तक हमने सुनिश्चित किया कि हम गाने के अनुभव और जीवंतता के साथ प्रदर्शित करेंगे. यह गाना आसान नहीं था क्योंकि एक आइकॉनिक गाना है. इसके लिए हम कई लुक और हेयर स्टाइल से गुजरे हैं।

वन-टू-वन

ऊर्जा मंत्री के ही जिले में बिजली की आंख मिचौली,सरकारी कार्यक्रम में ही दो बार हुई गुल,टार्च का लेना पड़ा सहारा

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर । प्रदेश के उर्जामंत्री के ही ग्रह जिले में बिजली गुल होने की सबसे ज्यादा शिकायतें सामने आ रही है। बिजली व्यवस्था इस कदर बदहाल हो गई है कि इसका प्रमाण बालभवन में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में देखने को मिला। जहां प्रदेश के उद्यानिकी मंत्री की मौजूदगी में ही बिजली गुल हो गई।बालभवन मे स्वसहायता समूह की राशि वितरण का कार्यक्रम चल रहा था उसी दौरान अचानक बत्ती गुल हो गई। इस कार्यक्रम में उद्यानिकी मंत्री भारत सिंह कुशवाह मंच पर अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस दौरान कुछ देर तक मोबाइल के टॉर्च की रोशनी में संबोधन करना पड़ा, जैसे तैसे लाइट आई भी और कुछ देर में फिर से गुल हो गई।हालांकि कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव पर लाइट आ गयी और वह सम्पन्न हो सका। वहीं इस मामले पर मंत्री भारत सिंह ने कहा कि प्रदेश में बिजली की कमी है ये सच्चाई स्वीकारने में हिचकिचाहट नही होना चाहिए। इस बार कम बारिश से डेम खाली है, जिससे बिजली की कमी है,हालांकि शिवराज सरकार है तो पूरा भरोसा है,ऐसे छोटे मोटे झटके तो आते ही रहते है।

मध्यप्रदेश में किसान ने की आत्महत्या,फसल खराब होने और कर्ज से था परेशान

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

खरगोन । मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में फसल खराब होने और कर्ज से परेशान एक किसान ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक किसान का नाम जितेंद्र पिता जगदीश पाटीदार उम्र 37 वर्ष है। किसान खरगोन से 25 द्मद्म दूर पंधानिया गांव का निवासी था।किसान के काका भगवान पाटीदार ने बताया कि जितेन्द्र के पास 8 एकड़ खेत था, जिसमें वह खेती किया करता था। खेती के लिए उसने 4 बैंकों और समितियों से कर्ज लिया था। उस पर 8 लाख रुपये का कर्ज था। उसके 3 बैंक खाते ओवर ड्यू थे। कर्ज और इस साल फसलें खराब होने से वह काफी दुखी था।इस साल कम बारिश की वजह से फसलें सूख गई थी। इसी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसान अपने पीछे 2 लड़के 14 साल का प्रांजल ओर 12 साल का गौतम छोड़ गया है।

मध्य प्रदेश के 19 जिलों में भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया है यलो अलर्ट, जिसमें मुरैना जिला भी शामिल

केशब पडित जी चम्बल ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

चम्बल संभाग । मध्यप्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। प्रदेश के 19 जिलों में मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार बता रहे है कि बीते कुछ दिनों से कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। जिसके चलते तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। वहीं अब फिर से एक साथ 19 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है।

इन जिलों में यलो अलर्ट: प्रदेश के 19 जिलों में भारी बारिश के आसार है। इनमें जबलपुर सीहोर, देवास, शाजापुर, आगर ,मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, अलीराजपुर,झाबुआ,राजगढ़, गुना, श्योपुर,अनूपपुर, बालाघाट, सिवनी, धार, शिवपुरी और मुरैना जिले में भारी बारिश की संभावना है।

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट्स दतिया द्वारा किया गया पत्रकारों का सम्मान सम्मान समारोह 2021

पुष्पांजली टुडे

दतिया । सभी पत्रकार रहे मौजूद सभी का किया गया सम्मान और साथ में भोजन व्यवस्था भी रही

रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट्स के मालिक अग्रवाल साहब ने सभी मीडिया कर्मियों से कहा की मीडिया की वजह से हम सब को हर खबर से अवगत हो जाते हैं मीडिया हमेशा सच दिखाती है और हर संभव छोटी बड़ी खबरों के साथ लगातार मीडिया कर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाते रहते हैं और आगे भी हम चाहेंगे कि हर वर्ष मीडिया कर्मियों का सम्मान बेहतर तरीके से किया जाए।

बेनी में पहुंचे उज्जैन से नागा साधु संत: अखिल भारत हिन्दू महासभा जिला अध्यक्ष तूफान भाई से की भेट

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

बालाघाट । जिले की खैरलांजी तहसील के ग्राम बेनी की पावन धरा पर उज्जैन से पहुंचे नागा साधु संत महात्मा का भव्य स्वागत किया गया. विदित हो कि नागा साधु संत राष्ट्र की महत्ता को बनाये रखने के लिए सनातन विचार को लेकर बेनी ग्राम मे आगमन हुआ जिसके लिए समस्त सत्य सनातन धर्म प्रेमी को अवगत कराया. ग्राम बेनी में अखिल भारत हिन्दू महासभा जिला अध्यक्ष तूफान भाई से भेट की तथा राष्ट्रीवाद पर भी विशेष चर्चा की गई सनातन वैदिक सनातन संस्कृति को बचाने विचार को प्रकट किया.

वर्तमान में श्री तिलकदास बुरडे के घर में इनका प्रवास है.

उन्होन? बताया कि सत्य सनातन... 128 वर्ष पहले शिकागो के धर्म सम्मेलन में अपने ओजस्वी उद्बबोधन से समस्त विश्व को आश्चर्यचकित कर देने वाले महान विभूति विवेकानंद जी को कोटिशः नमन .

प्रेरणाकीधरतीहै भारतभूमि

आज के दिन,11सितम्बर 1893 में शिकागो धर्म सम्मेलन में विश्व को अपने चिरस्मरणीय भाषण से अचंभित कर देने वाले स्वामी विवेकानंद के विचारों की आज भी उतनी ही प्रासंगिकता है,महज गौरवपूर्ण अभिव्यक्ति की परंपरा से नहीं बल्कि उदाहरणों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी ने उपस्थित धर्म सम्मेलन को जता दिया कि न सिर्फ भारत भूमि सहिष्णु रही है बल्कि सर्वभौमिकता का आगे बढ़ चढ़ कर पालन करने वाली धरती रही है....गर्व से कहो, हम हिंदू हैं .

भारतीय सनातन धर्म एवं संस्कृति जो शाश्वत है जिसके संस्थापक या प्रारंभ काल का कोई भी उल्लेख नहीं मिलता लेकिन यह सदैव अपनी विराटता के साथ रही आई। इतना ही नहीं बल्कि इसी सनातन धर्म से सिक्ख, बौध्द, जैन पंथों का प्रादुर्भाव हुआ।

हमारी सनातन संस्कृति बिना किसी बन्धन के लोगों के स्वतंत्र चिन्तन-मत के अनुसार बहुलतावादी सांस्कृतिक जीवटता के इतिहास को संजोकर अमर चेतना की तरह प्रवाहित हो रही है। अनेकानेक षड्यंत्रों, आक्रमणों, कुठाराघातों के बावजूद भी यह अपनी महत्ता को बरकरार रखे हुई है।

सनातन-हिन्दू धर्म का जनजातीय समाज एक अभिन्न अंग अपने विकासकाल से ही रहा है, यह अलग बात है कि सभ्यताओं के विकास एवं लगातार आक्रमणों के कारण जनजातीय समाज के स्थान परिवर्तन एवं परम्पराओं, संस्कृति, विवाह, रीतिरिवाज, पूजा पध्दति, बोली एवं कार्यशैली में भले ही आंशिक अन्तर दिखता हो। किन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष में सनातन हिन्दू समाज की जनजातीय एवं गैर जनजातीय इकाइयों का मूल तत्व एवं केन्द्र हिन्दुत्व की धुरी ही है।

साथ ही अपनी कलाओ का प्रदर्शन करते हुए भजन कीर्तन किया गया जिसमें जय श्री राम शिव सेवा समिति के समस्त सदस्य व ग्राम जन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ. सभी ने मिलकर साधुओ से आशीर्वाद लिया और उनके विचारों का श्रवणपान किया।

गृह क्लेश से एक युवती ने किया आत्मदाह

थाना खैरागढ़ के ग्राम लखनपुरा में एक युवती ने गृह कलेश के चलते पंखे से लटक कर किया आत्मदाह

संजय सिंह तोमर रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे

खैरागढ़ । आपको बता दें कि पूरा मामला लखनपुरा का है जहां पर दिनांक 9 तारीख को दोपहर को दिन शुक्रवार को पति और पत्नी में झगड़ा शुरू हो गया झगड़ा इतना बढ़ गया कि पत्नी को आत्मदाह करने पर मजबूर होना पड़ा घटना करीब रात की है जब सब परिजन सो चुके थे तभी पत्नी ने पंखे से फंदा बनाकर आत्मदाह कर लिया मीना देवी पत्नी बीरी सिंह उम्र 45 वर्ष।

मीना की शादी करीब 35 वर्ष पूर्व नगला पहाड़ी से बीरी सिंह पुत्र पातुरियासे लखनपुरा में हुई थी। वही मीना देवी के पुत्र का कहना है साम को दोबारा मां और बाबू जी के साथ झगड़ा हुआ था इसके चलते हुए मां ने पंखे से फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी

आपको बता दें कि के मौत के बाद महिला के मायके वालों को ग्राम पहाड़ी कला को सूचित किया गया सूचना मिलते ही आनन-फानन में

मायके वाले उपस्थित हो गए वही मायके के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और सूचना मिलते ही खैरागढ़ से पुलिस मौके पर पहुंच गई और सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वीर सिंह के परिजनों का कहना है की आए दिन शराब पीकर आता है और घर पर मारपीट भद्दी भद्दी गालियां देना और वीर सिंह की मां ने बताया कि कई बार मुझे और अपने बाबू जी को मारता पीटता भी है और मृतक मीना देवी मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करती थी वही वीरी सिंह आए दिन मारपीट करना उसका स्वभाव बन चुका था ग्राम वासियों ने बीरी सिंह को दोषी मानते हुए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है वही परिवार के परिजनों का भी यही कहना है कि बीरी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। मृतक मीना देवी 8 बच्चे हैं जिसमे 2 बेटे और 6बेटी बताई जा रही है

हरदेव लोधी समाज ने किया डोर टू डोर संपर्क

कोरोना से बचने हेतु समिति ने किया टीका लगाने की अपील

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

बालाघाट । संगठन को मजबूत करने व समाज में पनप रही बुराईयों को दूर करने के उद्देश्य से हरदेव लोधी समाज ग्रामवार ग्राम समिति का गठन कर रहा है। कोरोना काल से पूर्व ग्राम दुलापुर, भिमोड़ी, ककोडी, कटंगी, अमेड़ा आदि गांवो मे संगठन का निर्माण किया जा चुका है, इसी को आगे बढ़ाते हुए ग्राम नीमटोला मे 12/09/2021 दिन रविवार को संगठन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।हरदेव लोधी समाज के माध्यम से घर -घर जाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का आव्हान किया गया। सरजीत कुचलाहे, राकेश अस्तने, मुकेश कचवाहे, विजय बड़धैया, मुकेश बडधैया, धर्मेन्द्र देवगड़े, संतलाल पाड़े , वैभव बड़धैया, लुपेन्द्र कचवाहे, मोतीचंद कलपुरे, ताराचंद कुचलाहे, पुरूषोत्तम अस्तने, रवि गरुड़े ,कुशलेश कलपुरिया, युवराज चंदेले, कृष्ण कुमार करहि,राजाराम कुशले, विजय कुचलाहे, बलवंत करहि आदि का प्रमुख रूप से उक्त कार्य मे योगदान रहा।तथा समाज के सभी वर्ग जिसकी उम्र 18 वर्ष से ज्यादा है उन्हे कोरोना से बचने हेतु वैक्सिन लगाने का भी निवेदन किया गया। वहीं आज रविवार को नीमटोला में समिति का गठन किया जाएगा।

धारा-107/116/151में अवैध हिरासत में रखने पर देना होगा 25000 रु, जुर्माना

पुष्पांजली टुडे

एटा – एटा परिशांति कायम रखने के उद्देश्य से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अधीन धारा-107/116/151 के तहत कार्यकारी मजिस्ट्रेट को प्राप्त शक्तियों के क्रियान्वयन के विषय में शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। यह निर्णय माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों के क्रम में लिया गया है, जिसमें इस विषय पर एक उचित कार्य प्रणाली विकसित किये जाने हेतु यथोचित् दिशा-निर्देश निर्गत किये जाने की अपेक्षा की गयी है। इस क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद एटा द्वारा जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक एवं विभाग के अन्य सभी सक्षम अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों में शासन द्वारा समस्त जिला मजिस्ट्रेट,उनके अधीनस्थ समस्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट्स तथा विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट्स से यह अपेक्षा की गयी है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता में उन्हें प्रदत्त की गयी शक्तियां, उनके क्षेत्राधिकार में शांति व्यवस्था एवं लोक प्रशान्ति बनाये रखने के लिए हैं। शासन द्वारा कहा गया है कि इनका पालन सदैव गुण दोष के आधार पर युक्ति-युक्त न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग करते हुये।

लंगूर के पैरों की हड्डी को रॉड-स्क्रू से जोड़ा,एक्सीडेंट में हुए थे हड्डियों के 5 टुकड़े

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे
अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

जबलपुर । जबलपुर के वेटेरिरी यूनिवरसिटी में एक 10 साल की मादा लंगूर का इंटरलॉकिंग मेलिंग ऑपरेशन कर इतिहास रच दिया। जबलपुर के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सालय यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों ने एक मादा लंगूर को नया जीवन दिया गया है। डॉक्टरों ने सड़क हादसे में घायल लंगूर के पैर की हड्डी के 5 टुकड़े हो गए थे। जिसे ऑपरेशन कर जोड़ा गया है। डॉक्टरों ने हड्डी के अंदर राड डालकर बाहर से स्क्रू कसकर लंगूर के पैर का ऑपरेशन किया है। इस प्रक्रिया को इंटरलॉकिंग मेलिंग सिस्टम कहा जाता है।

इतना आसान नहीं था ऑपरेशन: ये ऑपरेशन इतना आसान नहीं था , डॉक्टरों का कहना है कि, जिस वक्त लंगूर को अस्पताल लाया गया। उस वक्त उसकी हालत काफी खराब थी लिहाजा पहले उसे फल और जूस और नारियल पानी देकर

उसका हीमोग्लोबिन बढ़ाया गया, और जब लंगूर की हालत स्थिर हुई तो उसका ऑपरेशन किया गया।

लंगूर के हाथ का ऑपरेशन

होना बाकी: लंगूर की पैर के ऑपरेशन के बाद अब लंगूर के हाथ का भी ऑपरेशन होना है। आपको बता दे कि, लंगूर के हाथ की भी दो हड्डी टूटी हुई है। डॉक्टरों ने उम्मीद जताई है कि एक महीने में ही मादा लंगूर पहले की तरह उछल-कूद करने लगेगी। आपको बता दे कि, नरसिंहपुर जिले की वन विभाग की टीम को 1 सितंबर को 10 साल की ये मादा लंगूर घायल हालत में मिली थी। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह का ये पहला ऑपरेशन था जो अपने आप मे काफी जटिल था।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कुल 179 प्रकरणों का हुआ निराकरण

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

मेहगांव मेहगांव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एवं अशोक गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष तेहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव जिला भिण्ड म 0 प्र 0 के द्वारा न्यायिक तहसील मेहगांव में भी आज 11 सितंबर , 2021 को नेशनल लोक अदालत का प्रातःकाल 10.30 बजे सुभारंभ किया गया । जिसमें अशोक गुप्ता , अपर जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फूलों से सुसज्जित माला को सरस्वती माता पर अर्पण कर उक्त नेशनल लोक अदालत का भव्य सुभारंभ किया गया उसी क्रम में मेहगांव न्यायालय के न्यायाधीशगण राकेश कुमार कुशवाह , कल्पना कोतवाल , दीक्षा अग्रवाल , मुकेश

कुमार कोरी एवं अभिभाषकगण अध्यक्ष सुरेश शर्मा , सचिव अजमेर सिंह नरवरिया , सह सचिव दिलीप चौधरी एवं समस्त वरिष्ठ व कनिष्ठ अभिभाषकगण एवं समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण द्वारा मा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से गठित खण्डपीठ क्रमांक 21. अशोक गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेहगांव , एवं न्यायाधीशगण खण्डपीठ कमांक 22. राकेश कुमार कुशवाह , खण्डपीठ क्रमांक 23. दीक्षा अग्रवाल , खण्डपीठ कमांक 24 , कल्पना कोतवाल एवं खण्डपीठ क्रमांक 25. मुकेश कुमार कोरी मेहगांव के द्वारा न्यायिक प्रकरण 129 का निराकरण किया गया । तथा 50 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया इस प्रकार कुल 179 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत कर पक्षकारगणों को छायादार एवं फलदार वृक्ष वितरित किये गये ।

पूर्व मंत्री कालूखेड़ा की पुण्यतिथि पर सिंधिया फैंस क्लब के कार्यकर्ताओं ने फल वितरण किये

संतोष सिंह भदोरिया
पुष्पांजली टुडे
9179661562

गोरमी। मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे एवं पूर्व सांसद राजनीति को जिसने सदैव समाज सेवा का माध्यम माना ऐसे महान कर्म योगी श्री महेंद्र सिंह कालूखेड़ा की चौथी पुण्यतिथि पर गोरमी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिंधिया फैंस क्लब एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरण किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा कि स्वर्गीय कालूखेड़ा जी ने राजनीति को हमेशा गरीब असहाय शोषित पीड़ित मानवता की सेवा का एक माध्यम माना इस वजह से ही उनको मालवा का गांधी भी कहते हैं बो भले ही किस भी दल में रहे हो लेकिन इसमें कोई शक नही की बो एक लोकप्रिय जनप्रिय राजनेता थे ।हमें खुशी है कि ऐसे महान कर्मयोगी की पुण्यतिथि सिंधिया फैंस क्लब द्वारा आज मनाई जा रही है इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक एवं सिंधिया फैंस क्लब के प्रदेश सचिव मोनू जैन ने कहा स्वर्गीय कालूखेड़ा की यादें हमें आज भी समाज सेवा के प्रेरणा देती हैं वह आमजन एवं कार्यकर्ता के सुख-दुख को समझते थे उनकी कमी आज भी हम लोगों को खलती है ऐसे महान नेता को हम शत-शत नमन करते हैं इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक सिंधिया फैंस क्लब के प्रदेश सचिव मोनू जैन ,युवा नेता मोनू शर्मा सोनू भदोरिया दिनेश यादव संजू भदौरिया राहुल कटारे रणवीर परमार शिवम भदौरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी पर लगाये गंभीर आरोप

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे

(कलेक्टर पर आरोप लगाते हुए बोला जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे तो लगायें पानीपूरी का ठेला)

भिण्ड। जिले में नियमविरुद्ध हुए पटवारियों, शिक्षकों और सचिवों के तबादलों को लेकर पूर्व विधायक अटेर हेमंत कटारे ने अपने निवास पर प्रेसवार्ता आयोजित कर जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर पर सत्तापक्ष के मंत्रियों पर इशारे पर कार्य करने के आरोप लगाए हुए कहा कि यदि आपके रहते हुए भ्रष्टाचार हो रहा है और यदि आप भ्रष्टाचार के हिस्सेदार नहीं हैं तब भी आपके ऊपर लांछन लगेगा आप धृतराष्ट्र की भूमिका में नहीं बैठ सकते हो क्योंकि यहाँ महाभारत नहीं जिला चल रहा है, लाखों लोग हैं उनका जीवन है उनकी दाल रोटी का प्रश्न है। जिस प्रकार भाजपा के मंत्रियों की कठपुतली बन जिला प्रशासन द्वारा जाति विशेष को देखते हुए टारगेट कर उन लोगों के खिलाफ गलत मापदंड अनुसार कार्यवाही की जा रही है उसको देखते हुए हेमंत कटारे चुप नहीं बैठेगा। आने वाली 20 तारीख तक गलत तरीके से किये गए ट्रांसफरों में सुधार नहीं किया गया तो 20 सितंबर को बड़ा आंदोलन कर कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे, वहीं बाढ़ पीड़ित गरीबों को भी लाभ नहीं दिया जा रहा है भाजपा के एजेंटों को पटवारियों द्वारा लाभ पहुँचाया जा रहा है ऐसे लोगों की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए।

शिक्षा विभाग में नियमों का उल्लंघन: पूर्व विधायक श्री कटारे ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि डीईओ ने भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री के दबाव में कंडिका 19, 20 और 26 का क्रमशः उल्लंघन करते हुए नियम विरुद्ध स्थान्तरण किये, कंडिका 19 में किशुपुरा से शिक्षिका छाया भदौरिया को भिण्ड लाने के लिए एसएएफ प्राथमिक विद्यालय से उत्कृष्ट शिक्षक श्रीकृष्ण शर्मा को बिना किसी शिकायत के प्राथमिक विद्यालय किन्नौठा और किन्नौठा के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पुष्पेंद्र यादव को क्रमशः गोहद श्रंखलाबद्ध तरीके से नियम विरुद्ध स्थान्तरण किया।

कंडिका 20 के अनुसार सूची जारी नहीं की गई और न ही है उल्लेख किया गया कि स्थानन्तरण स्वैच्छिक या प्रशासनिक तौर पर हुआ। -विकलांगों को भी नहीं बख्शा-शिक्षक प्रदीप शर्मा एवं एक अन्य विकलांग शिक्षक जो कि 40 प्रतिशत से भी अधिक श्रेणी में आता है उनके भी बिना स्वेच्छा के अनुसार स्थान्तरण कर दिया, इतना ही नहीं लूट के इस खेल में पाठा गांव में दोनों शिक्षकों का स्थान्तरण कर विद्यालय शिक्षक विहीन ही कर दिया। पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि कुछ लोग स्थानन्तरण सूची लेने कार्यालय गए थे लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी ने न कॉल रिसीव किया और न ही सूची उपलब्ध करवाई जब पार्टी के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने कलेक्टर सतीश कुमार एस से सूची दिलवाने के लिए निवेदन किया तो इस पर कलेक्टर का कहना था कि जिला शिक्षा अधिकारी मेरा भी कॉल रिसीव नहीं कर रहे। इस पर टिप्पणी करते हुए श्री कटारे ने कहा कि जिस कलेक्टर के रहते हुए नियमों को धज्जियां उड़ाई गई हों क्या जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर इतने पावरफुल हैं जो कलेक्टर का कॉल रिसीव करना भी उचित नहीं समझता तो बेहतर है कि उन्हें कलेक्टरी छोड़कर पानीपुरी का ठेला लगाएं तो बेहतर है।

-सचिव और पटवारियों पर तीन से चार पंचायतों का प्रभार आखिर किसकी मेहरबानी-

श्री कटारे ने कहा कि सचिवों, शिक्षकों और पटवारियों के थोकबंद नियमविरुद्ध तबादले कर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है इतना ही नहीं अटेर विधानसभा में दद्दा टेक्स चरम पर है और उनके द्वारा अपने सचिव और पटवारियों को एक एक सचिव पर तीन से चार पंचायतों के प्रभार हैं आखिर किसकी मेहरबानी से? इससे स्पष्ट हो रहा है कि जिले में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है।

पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि यदि 7 दिवस के अंदर नियमविरुद्ध किये गए स्थानन्तरण सूची में परिवर्तन कर सही नहीं किया गया तो आने वाले 20 सितंबर को भिण्ड कलेक्ट्रेट परिसर में हजारों कार्यकर्ताओं और पीड़ित लोगों को साथ लेकर घेराव करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ को निलंबित कर कराई जाये विभागीय जाँच-

श्री कटारे ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर एवं जिला पंचायत सीईओ ए के जैन को निलंबित कर विभागीय जांच की जाये अन्यथा हम इसके लिए हाई कोर्ट की शरण मे भी जायेंगे, हेमंत कटारे के रहते भ्रष्टाचारियों के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।

क्या मंत्री की चरण वंदना से मिला शिक्षक को प्राचार्य का प्रभार -

क पत्रकार के पूछे गए प्रश्न के जवाब में पूर्व विधायक कटारे ने कहा कि मनेपुरा विद्यालय में पदस्थ शिक्षक टीकम सिंह को जवासा संकुल का प्रभारी बनाया गया जबकि जवासा बड़ा संकुल है शिक्षक के तौर पर मूलतः पदस्थ व्यक्ति को वरिष्ठ शिक्षकों की मौजूदगी के बावजूद आखिर संकुल का प्रभार एक कनिष्ठ शिक्षक को कैसे दिया गया क्या यह मंत्री की चरण वंदना प्रतिफल है?

प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल, बाबा भगवान दास सैंथिया, सोमराज नरवरिया, डॉ. अनिल भारद्वाज, अरविंद बघेल, थान सिंह यादव और विनोद पंडित उपस्थित रहे।

वन-टू-वन

रोटरी स्कूल गणपती प्रतिमा विराजमान किया

पुष्पांजली टुडे/नारायणलाल सैणचा
मंडूया–बन्नूर रोटरी क्लब की और से बन्नूर गांव रोटरी स्कूल मे गणेश चतुर्थी पर गणपती प्रतिमा का विराजमान विधि-विधान हुआ। क्लब के सदस्यों व स्कूल के स्टाप ने गणपती बप्पा की पूजा-अर्चना आरती उतारी। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, क्लब कार्यदर्शी राजेंद्रा ,माणकचंद काग ,नजुंड स्वामी, नागराज, शिव, हनुमंत गौड़ ,पार्थ सारथी, के कालाप्पा मौजूद थे। रविवार को गणपती प्रतिभा का विसर्जन होगा।

संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भाजपा की जिला बैठक आज

दैनिक पुष्पांजली टुडे

(भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक बहादुर सिंह चौहान मुख्य अतिथि होंगे)

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी जिला भिंड की संगठनात्मक कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने के लिए बैठक 12 सितंबर रविवार को अटेर रोड स्थित शिव उत्सव वाटिका में समय दोपहर 2ः00 बजे आयोजित की गई है जिसमें मुख्य अतिथि विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष संभाग की प्रभारी बहादुर सिंह चौहान होंगे 7 विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजोरिया एवं बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर करेंगे द्य भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला कार्यालय प्रभारी उपेंद्र शर्मा ने बताया की बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्म दिवस के रूप में केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर सेवा समर्पण के तहत अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें बैठक में विचार-विमर्श होगाद्य बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य/ जिला पदाधिकारी / मंडल अध्यक्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी जिले की स्वास्थ्य समिति सदस्यों को आमंत्रित किया गया है द्य भाजपा जिला कार्यालय प्रभारी शर्माने समस्त अपेक्षित पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे बैठक स्थल पर समय से पहुंचकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन को प्राप्त कर संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करेंगे।

इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में बनेगा देश का दूसरा गणेश संग्रहालय

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

(गणेश भक्तों के सहयोग से स्थापित होगा यह संग्रहालय)

इंदौर। गणेश चतुर्थी के मौके पर इंदौर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर परिसर में गणेश संग्रहालय की शुरुआत की गई है। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने आज इसकी शुरुआत की। इंदौर के गणेश भक्तों द्वारा प्रारंभ किए गए जा रहे इस संग्रहालय में गणेश जी की दुर्लभ मूर्तियां अलग-अलग मुद्राओं की मूर्तियां चित्र सहित भजन आरती आदि का संग्रह किया जाएगा। इंदौर के गणेश भक्त श्री निवास कुटुंबले और अन्य की पहल पर आज से इसकी स्थाई शुरुआत खजराना गणेश मंदिर परिसर में की गई है। इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि यह संभवत पूना के बाद देश का दूसरा गणेश संग्रहालय होगा। उन्होंने कहा कि इसे परिसर में ही भविष्य में बनने वाले यात्री निवास में स्थापित किया जाएगा। लेकिन तात्कालिक रूप से परिसर में बने शेड में इसे शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इंदौर और आसपास के गणेश भक्तों के पास बड़ी संख्या में गणेश भक्तों के पास प्रतिमाओं, गणेश साहित्य का संग्रह है इसे अन्य लोग भी देख सके।

जलप्रदाय की शेष लाईनों को बिछाने का कार्य एवं रेस्टोरेशन के कार्यें को शीघ्रता से पूर्ण करें

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने जलप्रदाय की पाईप लाईने बिछाने के कार्य का निरीक्षण करते हुए दिए निर्देश

भोपाल। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने कोलार जलप्रदाय परियोजना के तहत ग्रेविटी मेन, फीडर मेन एवं अन्य पाईप लाईनों के बिछाने एवं रेस्टोरेशन आदि के कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि मैनिट, कोटरा सुल्तानाबाद व पालीटेक्निक क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाने का कार्य शीघ्रता से किया जाए और भारत टाकीज क्षेत्र में गांड होटल चौराहे पर कनेक्टिविटी कार्य हेतु रात्रि काल में संसाधन बढाकर कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने व अन्य स्थानों पर पाईप लाईन बिछाने के शेष कार्यें व रेस्टोरेशन के कार्यों को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त शाश्वत मीणा, मुख्य अभियंता ए.आर.पचार सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शनिवार को ऐशबाग रोड, भारत टाकीज, ग्रांड होटल चौराहा, अल्पना तिराहा, सिंधी कालोनी, बैरसिया रोड आदि क्षेत्रों में कोलार जलप्रदाय परियोजना के तहत पाईप लाईनों के बिछाने के कार्यों का निरीक्षण किया और पाईप लाईनों एवं रेस्टोरेशन आदि कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने कोटरा सुल्तानाबाद, मैनिट एवं पालीटेक्निक क्षेत्रों में पाईप लाईन बिछाने और कनेक्टिविटी के कार्य शीघ प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने भारत टॉकीज ग्रांड होटल चौराहे क्षेत्र में पाईप लाईनों की कनेक्टिविटी रात्रि काल में संसाधन बढाकर कार्यें को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने सिंधी कालोनी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए चौराहे से आगे पाईप लाईन बिछाने के साथ ही बैरसिया रोड क्षेत्र में शेष पाईप लाईन बिछाने के कार्य शीघ्रता से करने तथा ऐशबाग रोड, अल्पना तिराहा, सिंधी कालोनी, बैरसिया रोड पर रेस्टोरेशन के शेष कार्यें को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

तीसरी मंजिल से गिरे महिला पुलिसकर्मी के भाई की मौत

भोपाल। राजधानी के जहांगीराबाद थाना इलाके मे स्थित पुलिस लाइन की बिल्डिग की तीसरी मजिंल की छत से नीचे गिरे एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था, जो पुलिस में पदस्थ अपनी बहन के घर रह रहा था। घटना के समय वह छत पर टहलने गया था, उसी दौरान वो नीचे जा गिरा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस के मुताबिक शुभम वाशनिक (21) मूलत सिवनी का रहने वाला था। उसकी बहन कविता पुलिस मे आरक्षक है, जो परिवार के साथ तीन मंजिल पुलिस लाइन में रहती है। बताया गया है कि करीब एक महीने पहले शुभम अपनी मां के साथ भोपाल आया था। कुछ दिन रहने के बाद उसकी मां सिवनी वापस चली गई, जबकि शुभम भोपाल में ही रुक गया था। शुभम मानसिक रूप से कमजोर था, जिसका परिवार वाले इलाज भी करवा रहे थे। शुभम अक्सर बिना बताए बिल्डिंग की छत पर चला जाता था, और वहाँ दौड़ लगाया करता था। बीती सुबह करीब नौ बजे भी छत पर दौड़ते समय वह अचानक बिल्डिंग के पीछे की तरफ नीचे जा गिरा। आसपास के लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे, इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए

वैक्सीनेशन कैंप पंचायत बीरपुर में लगाया गया जिसमें 150 लोगों ने वैक्सीन लगवाई

राकेश परिहार रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे
9691338626

पिछोर । तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत में वीरपुर में वैक्सीनेशन कैंप लगवाया गया जिसमें वीरपुर आशा कार्यकर्ता श्रीमती सुधा भारद्वाज लोगों के लिए जागरूक किया गया है और ग्राम के लोगों के लिए घर घर जाकर वैक्सीनेशन करवाने के लिए प्रेरित किया गया एक जागरूक महिला श्रीमती आशा कार्यकर्ता सुधा भारद्वाज द्वारा लोगों के लिए जागृत किया जा रहा है कि लोग वैक्सीनेशन कैंप वैक्सीनेशन जरूर करवाएं और अपनी जिम्मेदारियों को और शासन के अनुशासन का लोग अवश्य ही पालन करें जिससे देश में तीसरी लहर से हम सभी लोग बच सकें श्रीमती सुधा भारद्वाज ने बताया कि ग्राम वीरपुर में लगभग 250 डोज शासन से आए थे और हम लोगों ने कड़ी मेहनत करके लोगों के लिए प्रेरित किया और लोगों को समझाया इस तरीके से कि लोग वैक्सीनेशन जरूर से जरूर करवाएं और कहा 250 ग्राम के लिए आए थे जिसमें से हम लोगों ने मेहनत परिश्रम करके लोगों के लिए वैक्सीनेशन करने के लिए प्रेरित किया जिस मैं से 150 लोगों ने वैक्सीन लगवाई और आशा कार्यकर्ता सुधा भारद्वाज ने बताया कि हम और लोगों के लिए वैक्सीनेशन के लिए अधिक से अधिक लोगों के लिए आगे चलकर और समझाएंगे और वैक्सीनेशन करवाने के लिए लोगों के लिए प्रेरित करेंगे।

वृंदा हर्बल गार्डन में मनाया गया इलेक्ट्रॉनिक एंड प्रिंट मीडिया के जिलाध्यक्ष पुष्पराज एवं उपाध्यक्ष का जन्मदिन

ब्यूरो रिपोर्ट
पुष्पांजली टुडे

इटावा महेवा–आज इलेक्ट्रॉनिक एंड प्रिंट मीडिया वेलफेयर एशोसिएशन भारत के जिलाध्यक्ष पुष्पराज का जन्मदिन महेवा के निकट बहेड़ा गाँव में वृंदा हर्बल गार्डन में मनाया गया। ये शानदार वृंदा हर्बल गार्डन बहेड़ा के लोकप्रिय प्रधान एवं प्रधान संगठन के जिलाअध्यक्ष विजय प्रताप सेंगर ने बनवाया है। दरअसल जिलाध्यक्ष पुष्पराज जी के जन्मदिन के साथ साथ संगठन के जिलाउपाध्यक्ष संजय कुमार का जन्मदिन भी आज ही पड़ता है। इसलिए आज इलेक्ट्रॉनिक एंड प्रिंट मीडिया वेलफेयर एशोसिएशन भारत के सभी पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष पुष्पराज एवं उपाध्यक्ष संजय कुमार को उनके जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं देते हुए

उनकी दीर्घायु की कामना की। संगठन के पदाधिकारियों के साथ रात्रिकालीन भोजन के दौरान जिलाध्यक्ष पुष्पराज ने कहा कि आज हम अपने जन्मदिन के अवसर पर आप सभी को यकीन दिलाते हैं कि हम इस संगठन के माध्यम से पत्रकारिता जगत में एक नई क्रांति लाने का प्रयास करेंगे। हम संगठन के सभी पदाधिकारियों के साथ समानता का व्यवहार रखते हुए हर सम्भव मदद के लिये प्रयासरत रहेंगे। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष पुष्पराज ने कहा कि हम आप सभी से वादा करते हैं कि अतिशीघ्र हम इस संगठन की एक ऐसी टीम खड़ी करेंगे, जो इलेक्ट्रॉनिक एंड प्रिंट मीडिया संगठन को बुलन्दियों तक पहुंचाने का काम करेगी। और लगातार हमारे नए साथी संगठन को मजबूत करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा हमे आशा ही नही बल्कि पूर्ण विश्वास है कि संगठन के सभी साथी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का बिना किसी भेदभाव के निर्वहन करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी सुघर सिंह, राजीव यादव, विनीत कुमार, सर्वेंद्र कुमार कुशवाह, अनिल चौधरी, दीपक वर्मा, प्रशि कान्त उर्फ सन्दीप गौतम, डॉ अखिलेश गौतम, अनुराग राजपूत, अवनीश गौतम, करुणानिधि,अनिल कुमार.....आदि लोग मौजूद रहे।

महाकाल की भस्मारती में उमड़ा भक्तों का सैलाब

कोरोना के कारण मार्च 2020 से लगी हुई थी रोक

भोपाल। प्रदेश के उज्जैन शहर में भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल होने के लिए डेढ साल बाद भक्तों का सैलाब उमड पडा। यहां कोरोना वायरस महामारी के कारण मार्च 2020 से रोक लगी हुई थी। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए शनिवार सुबह बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचे थे। बीते दिनों मंदिर प्रबंध समिति ने बैठक कर रोक हटाने और दर्शनार्थियों को अनुमति देने का निर्णय लिया था। पहले दिन के लिए शुक्रवार दोपहर में ही बुकिंग फुल हो गई थी। महाकाल मंदिर के पं. महेश पुजारी बताते हैं कि शिव आदि और अनंत हैं...वे निराकार भी हैं और साकार भी...वे भस्म भी रमाते हैं और सोने चांदी के आभूषण भी धारण करते हैं। लौकिक जगत में भक्तों को सृजन से संहार तक का साक्षात्कार कराने के लिए शिव का यह कल्याणकारी रूप केवल ज्योतिर्लिंग

महाकाल मंदिर में भस्मारती के दौरान ही दिखाई देता है। दो घंटे की इस आरती में भगवान को जगाने से लेकर भस्म रमाने तक की अनेक विधि गोपनीय है। मान्यता है भगवान को जब भस्म रमाई जाती है तो वे दिगंबर स्वरूप में होते हैं। महिलाओं के लिए भगवान के इस रूप का दर्शन निषेध माना गया है। इसलिए जब भगवान को भस्म रमाई जाती है तो पुजारी महिलाओं को घूंघट डालने को कहते हैं। भस्म रमाने की विधि पूर्ण होने के बाद महिलाएं अपना घूंघट हटा लेती हैं। भगवान महाकाल को कभी भी चिता भस्म अर्पित नहीं की गई है। चिता भस्म अर्पित करने की किंवदंतियां निराधार हैं। महानिर्वाणी अखाड़े के साधु संत प्रतिदिन ओंकारेश्वर मंदिर के पृष्ठ भाग में स्थित भस्मी कक्ष में औषधीयुक्त गाय के गोबर से बने कंडों को जलाकर भस्म तैयार करते हैं। भस्मी को कपड़े में रखकर भगवान को अर्पित किया जाता है। भस्मारती के लिए प्रतिदिन तड़के चार बजे मंदिर के पट खोले जाते हैं। इससे पहले भगवान को जगाने तथा कर्पूर आरती तक की संपूर्ण विधि गोपनीय है। इस दौरान भस्मारती करने वाले पुजारी व उनके सहयोगी के अलावा कोई भी मौजूद नहीं रहता है। यह प्रक्रिया प्रतिदिन तड़के तीन बजकर 45 मिनट पर पुजारी के मंदिर पहुंचने के साथ शुरू हो जाती है। पुजारी मंदिर में पहुंचकर सबसे पहले कोटितीर्थ कुंड के जल से स्वयं को तथा पूजन सामग्री को शुद्ध करते हैं। इसके बाद चांदी गेट पर विराजित भगवान के गण व द्वार पाल बाबा वीरभद्र को जल चढ़ाकर उनसे द्वार खोलने की आज्ञा लेते हैं। इसके बाद दरवाजे के एक हिस्से को धोकर शुद्ध किया जाता है। द्वार पर स्थित भगवान गणेश की पूजा की जाती है। इसके बाद द्वार के सामने लगी घंटी को धोकर शुद्ध किया जाता है। पश्चात पुजारी घंटी बजाते हैं, इसका आशय यह है कि भगवान सोए हैं, तो जागृत हो जाएं कि पुजारी अब पट खोलने वाले हैं। घंटी बजाने के बाद प्रथम गेट का ताला खोलकर पुजारी भीतर प्रवेश करते हैं। यहां दीवार पर भगवान मानभद्र की मूर्ति है, फिर उनका अभिषेक किया जाता है। इसके बाद गर्भगृह के मुख्य द्वार की देहरी को जल से धोया जाता है। द्वार पर स्थित भगवान गणेश का अभिषेक पूजन करने के बाद भगवान महाकाल की जय जयकार करने के बाद द्वार खोल दिया जाता है। इसके बाद गर्भगृह में माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय व नंदीजीजी का पंचामृत अभिषेक पूजन कर गंधाक्षत किया जाता है। इसके बाद भगवान महाकाल का अभिषेक पूजन कर एक पेड़े अथवा पंचामृत का भोग लगाकर कर्पूर आरती की जाती है। आरती संपन्ना होने के बाद पुजारी घंटी बजाते हैं, यही वह संकेत है कि भगवान जाग चुके हैं और अब भक्त आरती दर्शन के लिए अंदर आ सकते हैं।

दहेज के नाम पर दो महिलाओं का दर्द: पहला- मायके से 5 लाख रु. नहीं लाने पर ससुर ने की छेड़छाड़

ग्वालियर। ग्वालियर में दहेज के लिए बहू को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देने के दो नए मामले सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में बहू को दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल में छेड़छाड़ और प्रताड़ना का सामना करना पड़ा है। जब महिलाओं ने विरोध किया, तो उनको घर से बाहर निकाल दिया गया। दोनों ही मामलों में महिला थाने में शिकायत की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पति ने ज्यादती की, ससुर ने छेड़ा, सास बोली- सब चलता है: पुरानी छावनी निवासी महिला ने शिकायत की है कि उसकी शादी वर्ष 2019 में आंतरी के रहने वाले युवक से हुई थी। कुछ माह बाद तक सब ठीक रहा, लेकिन उसके बाद पति और ससुराल वाले मायके से दहेज में 5 लाख रुपए की मांग करने लगे। इसके बाद पति सहित ससुराल वाले उसकी मारपीट करने लगे। पति उसे यातना देने के लिए अप्राकृतिक कृत्य करने लगा।

यही नहीं, ससुर उसे नहाते हुए देखने की कोशिश करने लगा। जब यह बात उसने सास को बताई तो वह बोली- शादी के बाद सब चलता है। घर की बात घर में ही रहना चाहिए। जब विरोध किया तो मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित ने एक सप्ताह पहले महिला थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने 11 सितंबर को महिला के पति, सास, ससुर पर दहेज प्रताड़ना, ससुर पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है।

पति ने दिखाई हैवानियत, देवर ने भुला दिए रिश्ते: उपनगर मुरार के मोहनपुर निवासी 25 वर्षीय महिला ने शिकायत की है कि एक साल पहले उसका विवाह हुआ था। पति शादी में कम दहेज लाने पर ताने मारता था। यही नहीं, उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करता था। जब विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत सास-ससुर से की तो उन्होंने बेटे का पक्ष लेते हुए कहा कि इस घर में रहना है, तो बेटे के हिसाब से रहना होगा। इसी बीच देवर वहां आया और उसकी मारपीट कर दी।

बाइक सवार बदमाशों ने पता पूछने के बहाने बुजुर्ग महिला को रोका, मंगलसूत्र झपटने में गिरे, फिर हो गए फरार

ग्वालियर। ग्वालियर में झांसी रोड पर बुजुर्ग महिला से मंगलसूत्र लूटने का मामला सामने आया है। यहां दो बाइक सवार बदमाशों ने मंदिर से लौट रही महिला को रोककर कंपू जाने का रास्ता पूछा। इसके बाद बाइक पर बैठे दूसरे आरोपी ने मंगलसूत्र पर झपट्टा मारकर खींच लिया। हालांकि, महिला ने दोनों युवकों से संघर्ष भी किया, लेकिन वह भागने में सफल हो गए। इस लूट का VIDEO सामने आया है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। घटना झांसी रोड पर अर्बन रसोई के पास शनिवार सुबह की है। झांसी रोड नाका चंद्रबदनी स्थित यादव कॉलोनी के सामने रहने वाली विद्या साहू (60) सुबह मंदिर से लौट रहीं थीं। वे अर्बन रसोई के सामने पहुंची ही थी कि तभी बाइक सवार दो युवक आए। युवकों ने पहले पूछा- माता जी कंपू जाने के लिए कौन से रास्ते पर जाएं। महिला ने बाइक सवारों को बाहर का समझा और पता बताकर उनकी मदद करने लगीं। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर महिला का मंगलसूत्र लूट लिया।

सरिया लेकर पीछे भागी महिला: 60 साल की उम्र होने के बाद भी विद्या देवी ने लूट के बाद हार नहीं मानी। उन्होंने तत्काल पास ही पड़ा एक सरिया उठाकर एक बदमाश में मारा, लेकिन वह भाग गए। इसके बाद महिला शोर मचाते हुए उसके पीछे भागी। आस-पास के लोग भी एकत्रित हो गए, पर बदमाश बाइक की स्पीड़ बढ़ाकर भाग गए।

नैनो न्यूज

निगमायुक्त ने की कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा

ग्वालियर। निगमायुक्त आशीष तिवारी ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के चलते कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ज्ञात हो कि कर्मचारी संगठनों द्वारा विगत दिनों हडताल कर की गई विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए पूर्व में कर्मचारियों के साथ अपर आयुक्त द्वारा बैठक की गई थी तथा आज उसी तारतम्य में कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित दूसरी बैठक में निगमायुक्त तिवारी ने कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर उन्हें बताया कि कर्मचारियों की कुछ मांगों का निराकरण कर दिया गया है तथा कुछ मांगों को लेकर कार्यवाही की जा रही है। बाल भवन स्थित टीएलसी में आज शुक्रवार को आयोजित बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने निगमायुक्त तिवारी से चर्चा की कि सहायक वर्ग 4 के कर्मचारियों का प्रमोशन कर उन्हें वर्ग 3 में प्रमोट करें जिससे वर्ग 4 में विनियमित कर्मचारी नियमित हो सकें। इसके साथ ही चर्चानुसार निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हों उसके भुगतान समय पर हों यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। वहीं समयमान वेतनमान को लेकर चर्चा करते हुए निगमायुक्त तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिनका समयमान-वेतनमान नहीं लगा है उनके लिए शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही कर समयमान-वेतनमान लगाएं।

धोखाधड़ी और ठगी के आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर। शहर की बड़ा थाना पुलिस ने नौकरी के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को झांसी से गिरफ्तार किया है। वहीं महाराजपुरा थाना पुलिस ने प्लॉट के नाम पर 4 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है ।जानकारी के अनुसार पड़ाव थाने में फरियादी आशीष और विष्णु राय ने रेलवे कर्मचारी देवेंद्र गौतम के खिलाफ 10 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था ।देवेंद्र गौतम ने नौकरी के नाम पर दोनों लोगों से 10 लाख लिए थे मामला दर्ज होने के बाद से देवेंद्र गौतम 4 साल से फरार था पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देवेंद्र गौतम को झांसी से गिरफ्तार कर लिया है ।वहीं महाराजपुरा थाना पुलिस ने तो लौट के नाम पर 4 लाख की धोखाधड़ी करने वाले मनोज कनौजिया को उसके घर से गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मकान से नगदी गहने चोरी

ग्वालियर। देहात के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र में स्थित चकरौली में छत के सहारे एक मकान में चोर घुस गए और वहां से नगदी तथा गहने चोरी कर ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर थाने के चकरौली निवासी किसान धर्मवीर सिंह राणा बीते रोज मकान का ताला लगाकर खेत पर गए थे ।तभी छत के सहारे उनके घर में चोर घुस गए और कमरे में रखी अलमारी से 20 हजार की नकदी तथा सोने चांदी के गहने चोरी कर ले गए ।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर। शहर महाराजपुरा थाना पुलिस ने एक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है ।जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली कक्षा 12वीं की छात्रा के साथ अमन कुमार नामक युवक ने दुष्कर्म किया था ।छात्रा ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई थी ।तभी से आरोपी फरार था। कल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म का आरोपी अपने घर आया हुआ है ।

9 साल बाद मिली विवाहिता, दिल्ली भागकर प्रेमी से कर ली थी शादी

ग्वालियर। ग्वालियर में एक बार फिर अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई है। 9 साल पहले संदिग्ध हालात में लापता हुई विवाहिता का अब जाकर पता लगा है। महिला अपने शादी शुदा प्रेमी के साथ नई गृहस्थी बसाकर दिल्ली में आराम की जिंदगी जी रही थी। प्रेमी से उसके दो बच्चे भी हो गए हैं। यहां उसका पति पागलों की तरह उसे तलाश रहा था। बार-बार थाने के चक्कर लगा रहा था। इन 9 साल में 11 पुलिसकर्मी उसे तलाशते हुए बदल गए। हाल ही में महिला अपने प्रेमी के साथ वापस लौटी थी। तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पर अब पुलिस के लिए नई समस्या उसका पति बन गया है। उसका 2 साल से कुछ पता नहीं है। महिला ने भी मना कर दिया है वह पति के साथ वापस नहीं जाएगी। पुलिस ने जबरदस्ती की तो वह खुदकुशी कर लेगी। अब हजीरा पुलिस खुद नहीं समझ पा रही कि वह क्या करे।

यह है पूरा मामला: हजीरा के गोशपुरा नंबर-2 निवासी सुनील दुबे की पत्नी रानी (बदला हुआ नाम) 12 अप्रैल 2012 को संदिग्ध हालात में लापता हो गई थी। सुनील टैक्सी चालक है। साल 2012 में उसकी शादी को 7 साल हो चुके थे। उस समय उसकी पत्नी की उम्र 25 साल थी। पर उनके कोई बच्चा नहीं था। सुनील ने मामले की शिकायत हजीरा थाना में की थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की। सुनील ने मकान मालिक के एक रिश्तेदार पर भी संदेह जताया था। पर पुलिस ने उससे भी पूछताछ की, लेकिन कोई लीड नहीं मिली थी। वर्ष 2012 से लेकर अभी दो वर्ष पहले तक सुनील ने हजीरा थाने के कई चक्कर लगाए। हर बार अपनी पत्नी के बारे में पूछा,लेकिन पुलिस कोई जवाब नहीं दे सकी। अब जाकर महिला का सुराग पुलिस को लगा, लेकिन जो कहानी सामने आई उसे सुनकर और देखकर पुलिस हैरान हो गई है।

9 साल पहले प्रेमी के साथ दिल्ली में कर ली थी शादी, दो बेटियां भी हुईं: सुनील की पत्नी मिल गई है। 9 साल पहले जब वह भागी थी तो उसकी उम्र 25 साल थी, अब वह 34 साल की हो गई है। वह अपने मकान मालिक के रिश्तेदार कक्ष्ा के साथ दिल्ली भागी थी।

कोई भी पात्र व्यक्ति राशन की पात्रता पर्ची व आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

38 नम्बर कार्यालय पर शासन की विभिन्न योजनाओं के कार्ड वितरित किये

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 ग्वालियर के हितग्राहियों के लिए विभिन्न योजानाओं के कार्ड एवं राशन पात्रता पर्ची वितरण के लिए लगाये गए चार दिवसीय शिविर में लगभग 3318 लोगों ने लाभ लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार का उद्धेश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न हो। इसी उद्धेश्य को परिपूर्ण करते हुए गरीब, असहाय व जरूरतमंद नागरिकों की सेवा के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। इसके साथ ही शिविर में बडी संख्या

में विद्युत से संबंधित शिकायतें आई, जिनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर उपस्थित रहकर समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी जरूरत मंद की सेवा से बडा कोई कार्य नही होता है। साथ ही कहा कि इन चार दिनों में लगाये गए शिविर में तीन हजार से अधिक परिवारों को लाभ मिला है। आगे भी इसी प्रकार कैंप आयोजित कर जरूरत मंद को लाभ दिया जायेगा। क्षेत्र में एक भी पात्र व्यक्ति राशन की पात्रता पर्ची व आयुष्मान कार्ड से वंचित नही रहना चाहिए। साथ ही कल्याणी व विकलांग पेंशन के पात्र हितग्रहियों को उनके घर के नजदीक कैंप आयोजित कर लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की विद्युत व्यवस्था को सुद्रण करने के लिए 132 केवी सब स्टेशन फूलबाग पर बनाया जा रहा है, जिसके लिए जगह चिन्हित कर ली है। इसके साथ ही सेवा नगर में विद्युत सब स्टेशन का कार्य चालू हो गया है। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को विद्युत समस्या के निराकरण के लिए दूर नही जाना पडेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आपको विद्युत समस्या से संबंधित कोई शिकायत हो तो आप हमारे कॉल सेंटर पर कॉल कर उस समस्या से अवगत करा सकते है।

इस अवसर पर आज ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर वार्ड 16,17,31,32,33 व 36 के हाथठेला व कामकाजी 252, आयुष्मान 133, राशन की पात्रता पर्ची 185 व पेंशन के पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित किये। इसके साथ ही कार्यालय पर आमजन अपनी-अपनी समस्यायें लेकर आये तो उनकी समस्या ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी बारी से सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय पर आने वाली समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस कार्य में लापरवारी वर्दाश्त नही की जायेगी। इस अवसर पर विभिन्न वार्डो के गणमान्य नागरिक व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भैंस चोरी कर मांग रहे हैं 20 हजार की पनिहाई

ग्वालियर। देहात के बेहट थाना क्षेत्र में स्थित गूंजना गांव से एक किसान की भैंस तथा पड़िया चोरी हो गई अब भवेशी चोर भैंस तथा पड़िया वापस करने के बदले आरोपी पनिहाई मांग रहे हैं ।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बेहट थाना क्षेत्र के गूंजना निवासी बलवीर यादव की एक माह पहले भैंस तथा पडिया चोरी हो गई थी जिसकी शिकायत थाने में दर्ज की थी। उन्होंने विक्की गुर्जर बंटी गुर्जर तथा जगदीश गुर्जर पर संदेह जताया था। बीते रोज उन्हें सूचना मिली कि चोरी गए मवेशी सिदपुरा इलाके में देखे गए हैं। जब उन्होंने विक्की बंटी और जगदीश से इस संबंध में बात की तो उन्होंने कहा कि भैंस वापस चाहिए तो ?20 हजार देने पड़ेंगे। बलवीर ने जब मामले की शिकायत थाने में करने की कही तो आरोपियों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी।

सफलता की कहानी दीदियों की जुबानी

ग्वालियर। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्वालियर जिले में गठित स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं दीदियों ने सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में नए प्रतिमान गढ़े हैं। इन दीदियों की सफलता की दास्तां अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में अभी तक 3 हजार 296 महिला स्व-सहायता समूह गठित हो चुके हैं। इनसे 36 हजार 945 ग्रामीण परिवार जुड़े हैं। कभी चौका-बर्तन तक सीमित रहीं ये ग्रामीण महिलायें अब आत्मनिर्भर भारत की नई इबारत लिख रही हैं। ग्वालियर जिले के ग्राम कल्याणी की निवासी श्रीमती रहीसा बेगम बताती हैं कि हमारे परिवार ने बड़ी आर्थिक तंगी में दिन गुजारे हैं। मेरे पति साइकिल पर रोजमर्रा की जरूरतों का सामान लेकर गाँव-गाँव बेचने जाया करते थे। पर इतना नहीं कमा पाते कि परिवार की गाड़ी आराम से चल जाए। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद हमारे परिवार के दिन फिर गए। हमने गाँव की महिलाओं के साथ मिलकर अली स्व-सहायता समूह बनाया। समूह की साख बढ़ी तो सरकार ने हमें सरकारी स्कूलों के बच्चों की यूनीफार्म तैयार करने का काम दिया। दीदी गारमेन्ट के नाम से हम सबने यूनीफार्म तैयार की। आज हमारे गाँव की लगभग 100 महिलाएँ सिलाई-कढ़ाई से जुड़कर आत्मनिर्भर बन गई हैं। अगर पूरे जिले की बात करें तो विभिन्न स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं 1200 से अधिक दीदियों ने एक लाख 27 हजार यूनीफॉर्म तैयार कर 2 करोड़ 89 लाख रूपए का लाभ कमाया है। रहीसा बताती हैं कि लॉकडाउन के दौरान हमारे समूह ने बड़े पैमाने पर मास्क एवं पीपीई किट का निर्माण किया। उनका कहना है कि दीदी गारमेन्ट से जुड़ीं ज्यादातर समूहों की दीदियाँ लखपति क्लब में शामिल हो गईं हैं। इसी तरह ग्राम छीमक निवासी श्रीमती पुष्पा कुशवाह व ग्राम हस्तिनापुर निवासी श्रीमती रजनी जैतवार अपने गाँव में बैंक वाली दीदी के नाम से मशहूर हैं। उनका कहना था कि अगर हम आजीविका मिशन के समूह से नहीं जुड़ते तो अभी तक केवल रोटियाँ बेल रहे होते। पुष्पा बताती हैं कि हमारी खुद की दुकान है और गाँव की कई महिलाओं को हमने समूहों के जरिए रोजगार दिलाया है। रजनी ने गाँव की 80 से अधिक महिलाओं के बैंक में खाते खुलवाए हैं और जरूरतमंदों को बैंक से ऋण भी दिलवाया है। मशरूम वाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध ग्राम समूदन निवासी श्रीमती अनीता जाटव का कहना था कि हमने समूह से मिली मदद के जरिए मशरूम का उत्पादन शुरू किया। शुरूआत में 4 क्विंटल तक मशरूम हमने पैदा किया। पहली साल हमें 50 हजार रूपए की आमदनी हुई। अनीता से प्रेरणा लेकर आस-पास के आधा दर्जन गाँवों की 28 महिलायें मशरूम उत्पादन से जुड़ गई हैं। अनीता बताती हैं गाँव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर स्व-सहायता समूहों के जरिए मशरूम के अलावा दाल, अचार व चिप्स इत्यादि बना रहे हैं, जिससे हम सबको स्थायी आमदनी का जरिया मिल गया है और बैंकों में भी साख बढ़ गई है। अनीता का कहना था कि जो बैंक वाले पहले हमें बिल्कुल भी तवज्जो नहीं देते थे वे अब चाय पिलाकर हमारी आवभगत करते हैं।

गेहूँ उपार्जन के काम से जुड़े ग्राम चीनौर के चाड़ौल माता स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती नारायणी बाथम ने इस साल महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से सफलतापूर्वक सरकार के गेहूँ उपार्जन कार्यक्रम का काम किया है। नारायणी बताती हैं कि पति के असामयिक निधन के बाद जीने का कोई सहारा नहीं दिख रहा था। ऐसे में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने हमारे परिवार को थाम लिया।

जेसीआई ग्वालियर और प्रियदर्शनी ने ऑनलाइन बैंकिंग, ई बैंकिंग, फ्राड से बचने दिया प्रशिक्षण

ग्वालियर। जूनियर चेम्बर इंटरनेशनल (जेसीआई) द्वारा प्रतिबर्ष 9 से 15 सितम्बर तक पूरे विश्व में जेसी सप्ताह का आयोजन करता है । जिसमे जेसीआई के सभी अध्याय पूरे सप्ताह मानवता की सेवा के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते है । इसी कड़ी में जेसीआई इंडिया मंडल- 6 के सबसे बड़े अध्याय जेसीआई ग्वालियर भी प्रतिबर्ष महानगर के लोगो के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है । इसी के अंतर्गत तृतीय दिवस दिनाँक 11 सितंबर, शनिवार को नर्चरिंग वूमेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें जेसीआई ग्वालियर की महिला सदस्यों को ऑनलाइन बैंकिंग, ई बैंकिंग करने एवम इसमें फ्राड आदि से बचने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया इसकी ट्रेनर बैंक ऑफ बड़ौदा की लिली शर्मा थीं ।

इसी कार्यक्रम मे ग्वालियर की एक महिला उद्यमी जिसने अपने स्वयं के बलबूते पर अपने व्यापार को आगे बढ़ाया एवम आप के व्यापार को देश में ही नहींविदेशों में भी अपने व्यापार की पहचान बनाई है ऐसी शख्सियत वूमेन बिज़नेस एंटरप्रेन्योर श्रद्धा खरे का सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम की कार्यक्रम समन्वयक जेसीरेट नीलम जैन , प्रभारी उपाध्यक्ष जेसी अमित अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक- जेसीरेट ट्विंकल अग्रवाल, जेसी प्रशांत विजयवर्गीय थे इस ट्रेनिंग कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसीरेट विंग चेयरमैन जेसीरेट राधिका विजयवर्गीय ने किया एवम आभार सचिव जेसीरेट देवांशी अग्रवाल ने किया इस अवसर पर जेसीआई ग्वालियर की पूर्व चैरपर्सन्स एवम जेसीरेट सदस्यों ने इस ट्रेनिंग का लाभ लिया। जेसीआई द्वारा 9 -15 सितंबर तक जेसी सप्ताह मनाया जाता है इसके अंतर्गत 11 सितम्बर शनिवार को शाम 4 बजे जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शनी द्वारा ऑनलाइन ट्रेनिंग नेट बैंकिंग से संबंधित, करना एवंम होने से कैसे बचा जाए इस के बारे में जानकारी दी गई। ट्रेनिंग ऐक्सिस बैंक के ब्रांच मेनेजर संदीप जैन के द्वारा ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम संयोजिका जेसी सुजाता अग्रवाल ,कार्यक्रम समन्वयक जेसी ममता अग्रवाल एवं अध्यक्षता जेसी रुचि अग्रवाल ने की और आभार मानसेवी सचिव जेसी ज्योति अग्रवाल ने किया।

संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता एवं पौधरोपण सम्पन्न

ग्वालियर। संस्कृति सप्ताह के पांचवे दिन नृत्य प्रतियोगिता ऑनलाइन एवम छटे दिन पौधरोपण रामजानकी मन्दिर बिरलानागर में भारत विकास परिषद शाखा समर्पण के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थापक एवम संस्कार प्रमुख संजय धवन, अध्यक्ष गुलाब प्रजापति, उपाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, सचिव प्रदीप लक्षणे व महेश धीमान भूपेंद्र प्रेमी व मातृशक्ति के रूप में डॉ रुङ्कुरुङ्क४ङ्कस्नद्गह्यद्धवन्दना भूपेंद्र प्रेमी, विमी सचदेवा ,मधु धीमान व मधु धवन पुष्पा प्रजापति शशि अग्रवाल ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। गिरीश अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन हुयी नृत्य प्रतियोगिता में विशेष भूमिका अदा करने के लिए मधु धवन मधु धीमान एवम विम्मी सचदेवा जी को विशेष बधाई दी है कि आप सबने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जो विशेष भूमिका अदा की है, उसके लिए बहुत बहुत साधुवाद। नृत्य प्रतियोगिता मे अरनवी लक्षणे,अनन्या अग्रवाल, प्रशिका अग्रवाल, आरुषि वर्मा,माही, मेंहदी, लवी राठौर, प्रिया ,कनिष्का धीमान,आरभ ढोढ़ी,अनन्या ढोढ़ी,अदिति मिश्रा आदि ने भाग लिया। पौधरोपण रामजानकी मन्दिर में किया गया, इसमे संजय धवन गुलाब प्रजापति गिरीश अग्रवाल भूपेंद्र प्रेमी महेश धीमान व मातृशक्ति डॉ वन्दना भूपेंद्र प्रेमी मधु धवन मधु धीमान पुष्पा प्रजापति शशि अग्रवाल विम्मी सचदेवा ने उपस्थित होकर पौधरोपण किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रदीप लक्षणे ने दी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478